NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष:05, अंक:-194, पृष्ठ: 12 | सोमवार, 19 जनवरी, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र



## अपर्णा यादव से तलाक लेंगे प्रतीक यादव!

**पोस्ट में किया ऐलान, बोले- स्वार्थी महिला**

**लखनऊ।** यूपी के राजनीतिक गलियारों के इस वक्त बड़ी खबर सामने आई है। सपा मुखिया अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव ने अपनी पत्नी एवं भाजपा नेत्री अपर्णा यादव से तलाक लेने का एलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके यह बात सार्वजनिक की।

आईएमप्रतीकयादव नाम के इंस्टाग्राम अकाउंट से की गई पोस्ट पर लिखा गया कि मैं अपर्णा को जल्द से जल्द तलाक देने जा रहा हूं। उन्होंने मेरे परिवार के रिश्ते खराब कर दिए। बस मशहूर और असरदार बनना चाहती हैं। अभी, मेरी मेंटल हेल्थ बहुत खराब है। लेकिन, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। क्योंकि उन्हें सिर्फ. अपनी ही चिंता है। मैं बदकिस्मत था कि मेरी शादी उनसे हुई।

हालांकि प्रतीक यादव या फिर अपर्णा यादव के परिजनों ने अभी इस बात की पुष्टि नहीं की है। उनका कहना है कि अपर्णा अभी बाहर हैं। हो सकता है किसी ने सोशल मीडिया अकाउंट हैक कर लिया हो।

# नितिन नबीन होंगे भाजपा अध्यक्ष!

## 20 जनवरी को मिलेगा नया अध्यक्ष, आज भरा जाएगा नामांकन

**नई दिल्ली।** भाजपा को 20 जनवरी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। पार्टी ने इसके लिए नोटिफिकेशन जारी किया। इसके मुताबिक आज 19 जनवरी को नामांकन भरा जाएगा। 20 जनवरी को नए पार्टी अध्यक्ष का ऐलान होगा। अभी नितिन नबीन पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। पार्टी उन्हें ही निर्विरोध अध्यक्ष चुन सकती है।

सूत्रों के हवाले से खबर दी थी कि नितिन नबीन 19 जनवरी को नामांकन भरेंगे। नितिन नबीन को 14 दिसंबर 2025 को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया था। भाजपा ने साल 2020 में जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। 2024 में उनका कार्यकाल खत्म




हुआ था। तब से वे एक्सटेंशन पर थे। नड्डा अभी केंद्र में स्वास्थ्य मंत्रालय संभाल रहे हैं।

बीजेपी के राष्ट्रीय रिटर्निंग ऑफिसर के लक्ष्मण ने चुनाव का शेड्यूल जारी किया। इसके मुताबिक, पार्टी प्रमुख के चुनाव के लिए नॉमिनेशन 19 जनवरी को दोपहर 2 बजे से 4 बजे के बीच भरे जाएंगे और उम्मीदवार उसी दिन शाम 5 बजे से 6 बजे के बीच अपना नॉमिनेशन वापस ले सकते हैं। लक्ष्मण ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो 20 जनवरी को वोटिंग होगी और उसी दिन नए चुने गए राष्ट्रीय अध्यक्ष की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। पूरी चुनाव प्रक्रिया दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में ही होगी। फिलहान नितिन नबीन को पार्टी ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। उनकी उम्र 45 साल है। भविष्य में नितिन को ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाता है तो वे राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने वाले सबसे युवा नेता होंगे।

## लेह में महसूस हुए भूकंप के झटके

**लद्दाख।** सोमवार को भारत के केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के लेह में भी भूकंप के तेज झटके लगे हैं जिससे लोग दहशत में आ गए हैं। जानकारी के मुताबिक, लेह-लद्दाख में सोमवार को आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.7 मापी गई है।

## ऑपरेशन त्राशी-1: सुबह होते ही फिर शुरू हुई आतंकियों की तलाश

**जम्मू।** किश्तवाड़ जिले में छिपे आतंकियों की तलाश के लिए सुरक्षाबलों ने सोमवार सुबह एक बार फिर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। अधिकारियों के अनुसार, रविवार रात अंधेरा और दुर्गम इलाका होने के कारण अभियान को अस्थायी रूप से रोक दिया गया था।

यह अभियान रविवार को छात्रू क्षेत्र के सुदूर-सिंहपोरा के पास स्थित सोनार गांव में शुरू किया गया था। सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने अचानक ग्रेनेड हमला कर दिया, जिससे सेना के आठ जवान घायल हो गए। अधिकतर जवानों को छर्रे लगने से चोटें आई हैं।

घना जंगल, ऊंची पहाड़ियां और कम दृश्यता के कारण रविवार देर रात ऑपरेशन रोकना पड़ा। सोमवार तड़के फिर से सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों की कई टीमें इलाके में तैनात की गईं। आतंकियों को भागने से रोकने के लिए पूरे क्षेत्र में



कड़ा घेरा बनाया गया है। ड्रोन और खोजी कुत्तों की मदद से तलाशी ली जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि दो से तीन आतंकी, जो पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े बताए जा रहे हैं, इलाके में फंसे हो सकते हैं। हालांकि ताजा जानकारी मिलने तक आतंकियों से कोई नया संपर्क नहीं हुआ था।

इस अभियान को ह्यऑपरेशन त्राशी-1 नाम दिया गया है। सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि यह संयुक्त अभियान जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर चलाया जा रहा है। सेना ने कठिन हालात में जवानों के साहस और पेशेवर रवैये की सराहना की है। आगामी गणतंत्र दिवस को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे जम्मू क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियानों को और तेज कर दिया है। खुफिया एजेंसियों को इनपुट मिले हैं कि पाकिस्तान स्थित आतंकी हैंडलर क्षेत्र में और आतंकियों को भेजने की कोशिश कर रहे हैं।



# प्रेमिका की हत्या, लाश के किए टुकड़े

## रिटायर्ड रेलकर्मी बना हैवान, आठ दिन तक बक्से में भरकर जलाए अंग

**झांसी।** जिले से रविवार को दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। दो शादियां कर चुके सेवानिवृत्त रेलकर्मी ने अनैतिक संबंध में रह रही तीसरी महिला की ब्लैकमेल से परेशान होकर कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। उसके शव के कई टुकड़े कर डाले।

इसके बाद लोहे के बड़े बक्से में भरकर शव को जला दिया। आठ दिन तक वह जले हुए टुकड़ों को कमरे में रखे रहा। बाद में दूसरी पत्नी के बेटे के सहयोग से वह शव को ठिकाने लगाने के लिए निकला लेकिन ऑटो चालक के शक होने पर साजिश का पता चला। सीपरी थाना इस मामले में सीपरी थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी राम सिंह, उसकी दूसरी पत्नी गीता रायकवार और बेटे नितिन को गिरफ्तार कर लिया है।



सीपरी बाजार के नंदनपुरा मोहल्ला निवासी राम सिंह परिहार उर्फ बृजभान (64) रेलवे में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। उसकी पहली पत्नी गीता परिहार नंदनपुरा में बेटे एवं बहू के साथ रहती है जबकि दूसरी पत्नी गीता रायकवार सैंयर गेट के पास रहती है। पुलिस ने बताया कि राम सिंह पहली पत्नी गीता परिहार से अधिक मतलब नहीं रखता है। कुछ साल पहले तक दूसरी पत्नी गीता रायकवार के साथ रहता था। सीपरी बाजार के खाती बाबा निवासी प्रीति (37) पत्नी राजकुमार से अवैध संबंध हो गए थे। प्रीति रेलवे अफसर के घर खाना बनाती थी। अपने से 27 साल छोटी प्रीति की सुंदरता पर रीझकर राम सिंह उस पर पूरी पेंशन लुटाता था। प्रीति जिद करके उससे गहने बनवाती थी।

पुलिस के अनुसार, रिटायर्ड रेलकर्मी के बेटे नितिन ने पूछताछ में बताया कि प्रीति ने ढाई लाख रुपये देने का दबाव बनाया था। पैसा न मिलने पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी दी। इससे राम सिंह परेशान रहने लगा। उसने यह बात दूसरी पत्नी गीता रायकवार को बताई। गीता पहले से प्रीति से जलन रखती थी। उन दोनों ने मिलकर उसकी हत्या करने की साजिश रची।

# सोनमर्ग में पारा माइनस 8.9 डिग्री सेल्यिस, हिमाचल में बर्फबारी



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के कारण पारा लगातार माइनस में बना हुआ है। रविवार को सोनमर्ग घाटी का तापमान -8.9 डिग्री सेल्सियस, श्रीनगर का -4.7 डिग्री सेल्सियस, शोपियां का -6.7 डिग्री सेल्सियस और पहलगाम में -6 डिग्री सेल्सियस रहा।

हिमाचल प्रदेश के ऊंचे पहाड़ी बर्फबारी हुई। हमीरपुर में तापमान 2.1डिग्री सेल्सियस, ऊना में 2.7 डिग्री सेल्सियस और मंडी में मंडी 3.9 डिग्री सेल्सियस रहा। इधर, पंजाब के अमृतसर का तापमान 1.7 डिग्री सेल्सियस रहा।

उत्तर के मैदानी राज्यों में पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, चंडीगढ़, हरियाणा, यूपी में सर्दी का असर है। इन इलाकों में घना कोहरा छाया है। पंजाब के हलवारा में सुबह से विजिबिलिटी जीरो है। वहीं, यूपी में अचानक मौसम पलट गया है। लखनऊ-बाराबंकी समेत कई शहरों में सोमवार सुबह बारिश हुई। अलीगढ़ में ओले गिरे हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ के आने की संभावना है। इससे 23 जनवरी से 9 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम और बिगड़ सकता है। पश्चिमी विक्षोभ पश्चिम से आने वाली हवा और बादलों का एक सिस्टम होता है इसके एक्टिव होने से पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी, मैदानी क्षेत्रों में बारिश होगी। तापमान में गिरावट आएगी, साथ ही पाला पड़ने और कोल्डवेव के हालात बन सकते हैं।

**अगले 2 दिन के मौसम का हाल**

20 जनवरी

उत्तर भारत में ठंड और घने कोहरे का असर बना रहेगा। सुबह और रात के समय विजिबिलिटी कम रह सकती है।

राजस्थान, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। इससे ठंड और बढ़ेगी।

**21 जनवरी**

उत्तर भारत में सर्द हवाओं के चलते ठिठुरन बनी रहेगी। कई इलाकों में कोहरा छाया रह सकता है।

राजस्थान और आसपास के क्षेत्रों में हल्की बारिश की संभावना है। मिनिमम टेम्परेचर में गिरावट रहेगी।

# गाजा में शांति के प्रयास तेज, ट्रंप के 'बोर्ड ऑफ पीस' में भारत भी होगा शामिल, मिला निमंत्रण

**नई दिल्ली।** गाजा में शांति स्थापित करने की कोशिश तेज हो गई है। इन्हीं प्रयासों के तहत भारत को भी गाजा बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने का न्योता मिला है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में संकट को सुलझाने के लिए भारत को 'बोर्ड ऑफ पीस' का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया है। भारत के इजरायल और फिलिस्तीन दोनों के साथ ऐतिहासिक संबंध रहे हैं, और वहां संघर्ष शुरू होने के बाद से ही भारत मिस्र के रास्ते गाजा को मानवीय सहायता दे रहा है।

भारत ने भी गाजा मामले के शांतिपूर्ण समाधान की भी अपील की है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंधकों की रिहाई पर इजरायल और फिलिस्तीन के बीच हुए समझौते का स्वागत भी किया था। उन्होंने यह भी दोहराया था कि आतंकवाद किसी भी रूप में और दुनिया में कहीं भी स्वीकार्य नहीं है। पिछले साल अक्टूबर में इजरायल के बेंजामिन नेतन्याहू के साथ टेलीफोन पर बातचीत के बाद पीएम मोदी ने (पहले ट्विटर) पर पोस्ट किया था, हम बंधकों की रिहाई और गाजा के लोगों को बढ़ी हुई मानवीय सहायता के समझौते का स्वागत करते हैं। हमने इस बात की पुष्टि की है कि आतंकवाद किसी भी रूप में या किसी भी जगह दुनिया में स्वीकार्य नहीं है।



पाकिस्तान ने दावा किया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा के लिए बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया है। गाजा के लिए ट्रंप की 20 सूत्री शांति योजना दूसरे चरण में प्रवेश कर चुकी है। ट्रंप पहले ही खुद को इस बोर्ड का अध्यक्ष घोषित कर चुके हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने मीडिया के सवालों के जवाब में इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि पाकिस्तान को औपचारिक निमंत्रण प्राप्त हुआ है।

# मणिपुर हिंसाः न्याय का इंतजार करते-करते 20 साल की गैंगरेप पीड़िता की मौत

**इंफाल।** मणिपुर में कुकी समुदाय की एक 20 साल की गैंगरेप पीड़िता की मौत से लोगों के बीच गुस्सा है। युवती की मौत 10 जनवरी को हो गई थी। वह 2.5 साल से न्याय मिलने का इंतजार कर रही थी लेकिन उसे न्याय नहीं मिला। हालात ये हैं कि उसके साथ गैंगरेप करने वाले लोगों की अब तक पहचान नहीं हो सकी है।

अब इस मामले में कुकी समुदाय के लोगों ने न्याय की मांग की है। मिली जानकारी के मुताबिक, मृत युवती गैंगरेप के बाद से सदमे में थी और उसकी मौत बीमारी की वजह से हुई है। मृत युवती मई 2023 में मणिपुर में हुई जातीय हिंसा के दौरान गैंगरेप का शिकार हुई थी। कई कुकी संगठनों ने मणिपुर की कुकी युवती के लिए न्याय की मांग की है, जिसने बीमारी की वजह से 10 जनवरी को गुवाहाटी में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। आरोप है कि यह बीमारी, गैंगरेप के बाद युवती को लगी थी। मणिपुर के चुराचांदपुर और दिल्ली में स्थित कुकी संगठनों ने दावा किया कि उसे मई 2023 में इंफाल में किडनैप किया गया था और गैंगरेप किया गया था। कुकी संगठनों की मांग है कि कुकी लोगों के लिए अलग प्रशासन होना चाहिए। इन संगठनों का ये भी मानना है कि वे मेइतेई समुदाय के साथ नहीं रह सकते हैं।

# चिली के जंगलों में लगी आग के बाद एक्टिव हुए राष्ट्रपति गेब्रियल, घोषित की इमरजेंसी

**सेंटिगो।** चिली इस समय भयावह आपदा की चपेट में है। अधिकारियों ने बताया कि मध्य और दक्षिणी चिली के जंगलों में लगी आग की चपेट में आने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई है। हजारों एकड़ जंगल जल गए हैं और सैकड़ों घर तबाह हो गए हैं। चिली के मौसम की बात करें तो यह दक्षिण अमेरिकी देश फिलहाल भीषण लू की चपेट में है। चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने देश के मध्य बायोबियो क्षेत्र और पड़ोसी नुब्ले क्षेत्र में हालात को देखते हुए आपदा की स्थिति घोषित कर दी है।



चिली के जंगलों में लगी आग लगातार बढ़ रही है और अब तक 8,500 हेक्टेयर (21,000 एकड़) में फैल चुकी है। बायोबियो क्षेत्र के बुरी तरह प्रभावित शहर कॉन्सेप्सियन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राष्ट्रपति बोरिक ने पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार की शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार 18 लोगों की मौत हो गई है और 300 घर नष्ट हो गए हैं, नुकसान का पूरा अंदाजा अभी नहीं लगाया जा सका है।

राष्ट्रपति बोरिक ने अनुमान लगाते हुए कहा कि अकेले बायोबियो क्षेत्र में प्रभावित घरों की कुल संख्या एक हजार से अधिक है। पहाड़ियों पर लगी आग के कारण 50,000 लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। उन्होंने कहा कि यह मुश्किल समय हैं। उनके संबोधन के बाद स्थानीय अधिकारियों की शिकायतें भी सामने आईं जिसमें कहा गया कि घंटों तक हर जगह तबाही थी और कहीं कोई मदद नहीं थी। चिली में हालात ऐसे हैं कि दमकलकर्मियों को आग बुझाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। गर्मी और तेज हवाओं की वजह से हालात और बिगड़ गए हैं। गृह मंत्री अल्वारो एलिजाल्डे ने कहा के कि आने वाले दिनों में मौसम की स्थिति अच्छी नहीं है और बहुत अधिक तापमान का संकेत मिल रहा है। कई लोगों ने बताया कि आग लगने के बाद वो अपने घरों में फंस गए। 55 साल के जॉन गुजमैन ने कहा, बहुत से लोगों ने जगह खाली नहीं की। वो अपने घरों में ही रहे क्योंकि उन्हें लगा कि आग जंगल के किनारे पर रुक जाएगी। आग ने पेंको शहर के ज्यादातर हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया है। कारें, स्कूल और चर्च जल गए हैं। हजारों लोग अस्थायी इमरजेंसी शेल्टर में शरण लेने के लिए मजबूर हुए हैं। 52 साल के जुआन लागोस ने कहा कि वो बच्चों के साथ अंधेरे में भागकर निकले। खेतों, घरों, सड़कों के किनारे और कारों में जले हुए शव मिले।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा ब्रज
www.nnindianews.com
सोमवार, 19 जनवरी, 2026


# हाथरस में ब्राह्मण सम्मेलन, उत्पीड़न और आरक्षण पर चिंता




एनएनआई

**हाथरस।** राष्ट्रीय विप्र एकता मंच ने रविवार को हाथरस जंक्शन स्थित ओम वाटिका गेस्टहाउस में ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष मित्रेश चतुर्वेदी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में ब्राह्मणों पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सनातन धर्म और राष्ट्र को कमजोर करने वाली शक्तियां ब्राह्मण समाज को निशाना बना रही हैं।

चतुर्वेदी ने संपूर्ण ब्राह्मण समाज से एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने ब्राह्मण समाज के उत्पीड़न, आरक्षण और एससी एक्ट को गंभीर समस्याएं बताया, जिनके समाधान के लिए आंदोलन की आवश्यकता पर भी जोर दिया। मित्रेश चतुर्वेदी ने यूजीसी इक्विटी कमेटी में किए गए बदलावों को सवर्ण समाज के लिए 'अभिशाप' करार दिया। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों के बीच जातिगत भेदभाव बढ़ेगा और छात्रों को केवल छात्र ही रहने देना चाहिए। संगठन ने इन बदलावों के विरोध में 26 जनवरी को 'हर घर लाल झंडा अभियान' चलाने की घोषणा की, जिसका विरोध पूरे देश में किया जाएगा। चतुर्वेदी ने नीट पीजी में 40 अंकों पर प्रवेश दिए जाने के प्रावधान का भी कड़ा विरोध किया, इसे अयोग्य डॉक्टरों को बढ़ावा देने वाला बताया। कार्यक्रम के दौरान एएमयू में हुए तिलक विवाद में शामिल एएमयू जेएन मेडिकल कॉलेज के आशीष शर्मा का फूलमाला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष धर्मेश शर्मा, उपाध्यक्ष बृजेश शर्मा, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा और सचिन अग्निहोत्री ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मित्रेश चतुर्वेदी और अन्य अतिथियों का स्वागत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन की अध्यक्षता संरक्षक ब्रह्मदेव शर्मा ने की, जबकि संचालन जिलाध्यक्ष धर्मेश शर्मा ने किया।

## बांकेबिहारी मंदिर पर दर्शन को उमड़ी भारी भीड़

# वृंदावन की गलियां जाम

एनएनआई

**वृंदावन।** मौनी अमावस पर ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन के लिए सुबह से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच गए। पट खुलते ही भीड़ मंदिर पहुंची और ठहराव से हालात बिगड़ने लगे। भीड़ का दबाव इस कदर बढ़ा कि मंदिर की गलियां जाम हो गईं। बाजार में भक्तों की भीड़ का दबाव बन गया।

पुलिस ने बैरियर पर श्रद्धालुओं को रोकना शुरू कर दिया तो और हालात बिगड़ने लगे। मंदिर प्रांगण में माला प्रसाद अर्पित करने के लिए श्रद्धालुओं का ठहराव हो गया। ऐसे में पहले माला प्रसाद अर्पित करने की होड़ में आपाधापी का माहौल बन गया। सुरक्षागार्डों व पुलिस को भीड़ नियंत्रण करने में सर्दी में भी पसीना बहाना पड़ गया।

रविवार को मौनी अमावस के कारण दिल्ली एनसीआर के अलावा ग्रामीण अंचलों के श्रद्धालुओं की भीड़ ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन को मंदिर में पहुंच गई। भोर में मंदिर के पट भी नहीं खुले थे कि गलियों में भीड़ का दबाव बन गया। पुलिस ने बैरियर लगाकर श्रद्धालुओं को रोकना शुरू कर दिया तो बाजार में भीड़ का दबाव बनने लगा। मंदिर के पट खुले तो श्रद्धालुओं की भीड़ प्रांगण में टूट पड़ी। आराध्य के दर्शन करने के साथ श्रद्धालु माला प्रसाद अर्पित करने को मंदिर में ही अड़े रहे। ऐसे में मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं के ठहराव के कारण बाहर गलियों और बाजार में लगातार श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होती रही और भीड़ का दबाव बन गया। ऐसे में महिलाओं, बुजुर्ग व बच्चों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। करीब आधा घंटे से लेकर एक घंटे तक श्रद्धालुओं को आराध्य के दर्शन के लिए भीड़ के दबाव में इंतजार करना पड़ा। बैरियर खुलता तो श्रद्धालुओं की भीड़ आगे दौड़ने लगती। वहीं आगे फिर बैरियर पर उन्हें खड़े रहकर मंदिर में प्रवेश के लिए इंतजार करना पड़ा। सुबह और शाम को इसी तरह मंदिर में भीड़ का दबाव बना रहा। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर के गेट संख्या पांच की गली में मंदिर प्रबंधन ने लोहे का गेट लगवा दिया है, ताकि आम श्रद्धालुओं का प्रवेश इस गेट से न हो सके।

ऐसे में मंदिर सेवायतों के बीस यजमान और वीआईपी ही इस गेट से प्रवेश कर सकेंगे। पिछले दिनों इस गेट से मंदिर के आसपास गाइडों द्वारा पुलिस की मिलीभगत से गली में होकर श्रद्धालुओं को दर्शन करवाने के आरोप लगते रहे हैं। ऐसे में मंदिर प्रबंधन ने गली में गेट चढ़ा दिया है।



# पुलिस ने दो साइबर ठग दबोचे, चोरी का मोबाइल बरामद

एनएनआई

**मथुरा।** साइबर ठगी की रकम से शहर के पांच सराफा कारोबारियों से 5.47 लाख रुपये के जेवरात खरीदकर ऑनलाइन भुगतान करने वाले दो साइबर अभियुक्तों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह साइबर ठग वृंदावन के मंदिरों की भीड़ से दर्शनार्थियों के मोबाइल चोरी करके सिम बदलकर ठगी कर रहे थे। जेवरात खरीदने के लिए फर्जी आधार कार्ड लगाते थे।

एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि 28 व 29 दिसंबर को शहर के सराफा कारोबारियों पंकज अग्रवाल, योगेंद्र अग्रवाल, अनुज गोयल, मुरारीलाल अग्रवाल और बृजेश अग्रवाल की होली गेट इलाके में ज्वैलरी की दुकानें हैं। उनके पास हरियाणा के जवाहर नगर निवासी जनार्दन गुप्ता ने 1.47 लाख रुपये के सोने के सिक्के खरीदे। इसी तरह तीन अन्य सराफों से चार लाख रुपये के जेवरात खरीदे। इन आभूषणों की खरीद के लिए ऑनलाइन भुगतान किया। कुछ दिन बाद ज्वैलर्स के खाते सीज हो गए।



बैंक में पहुंचे तो मैनेजर ने बताया कि हरियाणा व दिल्ली की पुलिस की शिकायत पर इन खातों को सीज किया गया है, क्योंकि इन खातों में साइबर ठगी की रकम ट्रांसफर की गई है। जनार्दन का आधार भी फर्जी लगाया गया था। एसएसपी के निर्देश पर साइबर सेल, कोतवाली पुलिस ने साइबर ठगों की तलाश की। रविवार को पुलिस ने लुधियाना की श्याम नगर कॉलोनी और सराय गंधू के लविश कुमार और मनी सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से तीन मोबाइल और फर्जी आधार भी मिला है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ साइबर ठगी की विभिन्न धाराओं के साथ ही धोखाधड़ी की धाराओं को भी बढ़ाया गया है। दोनों साइबर ठगों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि साइबर ठगों का संगठित गिरोह है। यह दोनों अभियुक्त 24 दिसंबर 2025 को वृंदावन में आए थे। यहां प्रेम मंदिर, बांकेबिहारी मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ का फायदा उठाकर उनके मोबाइल चोरी करते थे। इसके बाद उनके सिम निकालकर दूसरे फोन में सिम डालकर ओटीपी मंगाकर फोन पे और गूगल पे को एक्टिवेट कर दिया करते थे और इन खातों की रकम का इस्तेमाल ऑनलाइन शॉपिंग करते थे। आरोपी ज्यादातर सोना और चांदी के जेवरात खरीदते थे, ताकि मोटी रकम का ट्रांजेक्शन हो सके। आरोपियों से उनके गिरोह के अन्य साथियों के बारे में पूछताछ की गई।

# कोटला रोड चौकी के सामने दो बाइकों की टक्कर

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर क्षेत्र की कोटला रोड चौकी के सामने रविवार रात दो बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही कोटला रोड चौकी प्रभारी अनुज कुमार तिवारी, रविन्द्र कुमार और नीरज कुमार तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे।

पुलिसकर्मियों ने घायलों को तत्काल प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई और 108 एंबुलेंस की मदद से सभी को सरकारी ट्रॉमा सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात बाधित हो गया था। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइकों को हटाकर यातायात व्यवस्था को सामान्य किया। इंस्पेक्टर अंजीश कुमार सिंह का कहना है कि दोनों वाहनों की आमने-सामने से टक्कर हुई है जिसमें दोनों ही मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवा घायल हुए हैं उन्हें अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है अभी तक कोई भी तहरीर नहीं आई है। पुलिस की तत्परता से घायलों को समय पर उपचार मिल सका। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# आदेश हवा में: रामबाग-वॉटर वर्क्स पर बसों का जमावड़ा

एनएनआई

**आगरा।** जिले के प्रभारी मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह और क्षेत्रीय प्रबंधक बीपी अग्रवाल के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद रामबाग-वॉटर बॉक्स फ्लाईओवर के ऊपर सरकारी और डग्गेमार बसों का अवैध जमावड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा है। इससे एक बार फिर शहर की यातायात व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

तीन दिन पूर्व ही प्रभारी मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में शहर में लगने वाले जाम की समस्या पर गंभीरता से चर्चा की गई थी। बैठक के बाद जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी ने सख्त आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया था कि भगवान टॉकीज, अबुल उल्लाह दरगाह, वाटरवर्क्स चौराहा और रामबाग कट पर किसी भी परिस्थिति में रोडवेज अथवा अन्य बसें नहीं रोकी जाएंगी। साथ ही बस चालकों को केवल निर्धारित बस अड्डों से ही यात्रियों को बैठाने और उतारने के निर्देश दिए गए थे। प्रशासन का मानना था कि इन आदेशों के पालन से हाईवे पर यातायात सुचारू होगा और जाम की समस्या से राहत मिलेगी। लेकिन आदेश जारी होने के दो दिन बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।




रविवार को भी रामबागड्वॉटर बॉक्स फ्लाईओवर के ऊपर अवैध रूप से खड़ी सरकारी और डग्गेमार बसें लगातार देखी गईं। बसों के इस अवैध ठहराव के कारण फ्लाईओवर पर अक्सर जाम की स्थिति बन रही है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सवाल यह है कि जब प्रभारी मंत्री और जिलाधिकारी के निर्देशों का भी पालन नहीं हो रहा, तो यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी आखिर कौन निभाएगा। अब देखना यह है कि प्रशासन इन आदेशों को जमीन पर उतारने के लिए कब और कितनी सख्ती दिखाता है।

## एत्माद्दौला क्षेत्र में यमुना किनारे जुआ खेलने का वीडियो वायरल

एनएनआई

**आगरा।** एत्माद्दौला क्षेत्र में यमुना किनारे जुआ खेले जाने का एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वायरल वीडियो में कई लोग नजर आ रहे हैं, जिनमें कुछ खड़े हुए हैं तो कुछ जमीन पर बैठकर जुआ खेलते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो के संज्ञान में आते ही एत्माद्दौला पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस टीम ने यमुना किनारे फ्लैग मार्च किया। पुलिस फोर्स को मौके पर देख जुआ खेल रहे लोग वहां से भाग खड़े हुए।



थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि शनिवार और रविवार को छुट्टी होने के कारण आसपास के मजदूर और अन्य लोग अक्सर यमुना किनारे एकत्रित हो जाते हैं। वायरल वीडियो सामने आने के बाद पुलिस द्वारा क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर निगरानी बढ़ाई गई है। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस द्वारा चेतावनी जारी की गई है कि यदि कोई व्यक्ति जुआ या अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस आगे भी क्षेत्र में नियमित गश्त और निगरानी बनाए रखेगी।

## सड़क किनारे सो रहे युवक को वाहन ने कुचला

**आगरा** एनएनआई। थाना न्यू आगरा के भगवान टॉकीज फ्लाईओवर के नीचे पार्किंग में एक वाहन ने युवक के सिर पर पहिया चढ़ा दिया। इससे उसका सिर चीथड़े में बदल गया। वाहन के जाने के बाद लोगों को हादसे की जानकारी हुई। प्रत्यक्षदर्शी हरियाणा नंबर की बस से हादसा होने की बात कह रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि राजस्थान और हरियाणा रोडवेज की तमाम अनुबंधित बसें यहां रुककर सवारियां उतारती और बैठाती हैं। इसके चलते हादसे होते रहते हैं। जाम की भी समस्या बनी रहती है।

घटना रविवार दोपहर 3:15 बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार फ्लाईओवर के नीचे हरियाणा नंबर की एक बस खड़ी थी। सामने सर्विस रोड पर चालक ने सवारियों को उतारा और फिर फ्लाईओवर के नीचे से बस मोड़कर दूसरी तरफ सर्विस रोड की ओर ले जाने लगा। इसी दौरान बस की चपेट में एक युवक आ गया और उसका सिर बस के पहिये के नीचे आ गया। युवक की चीख भी नहीं निकल पाई। उसके सिर के चीथड़े उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर भीड़ लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## नाले में मिली 12 वर्षीय बच्चे की लाश

एनएनआई

**आगरा।** सिकंदरा के नगला चुचाना क्षेत्र में नाले में मिले 11 दिन से लापता 12 वर्षीय कुनाल की मौत डूबने से हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। दहतोरा के धर्मवीर सिंह का 12 वर्षीय बेटा कुनाल घर से खेलने 7 जनवरी को निकला था। वापस नहीं लौटा था।



परिजनों ने सिकंदरा थाने में अपहरण का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में बालक अकेले जाते दिखा था। शनिवार को नगला चुचाना के नाले में लोगों को बालक का शव मिला। परिजन ने शिनाख्त की। उसकी जेब में शराब की आधी खाली बोतल मिली थी। परिजनों को किसी साजिश का शक है। थाना प्रभारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह डूबना आया है।

### वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यवहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# बूथों पर नहीं मिले फार्म, मायूस होकर लौट गए मतदाता

एनएनआई

**एत्मादपुर।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण में संडे के अवकाश में बूथ स्तर पर चले विशेष अभियान के दौरान मतदाता बनने को भरे जाने वाला फार्म-छह न मिलने पर तमाम लोग मायूस होकर लौट गए। इस दौरान विशेष अभियान को सफल बनाने को अधिकारी दिनभर एक के बाद एक बूथ पर इधर से उधर दौड़ते नजर आए। उपजिलाधिकारी सुमित कुमार सिंह, तहसीलदार देवेंद्र प्रताप सिंह और खंड विकास अधिकारी विजय कुमार अग्रवाल ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण किया। मतदान बूथों पर आने वाले तमाम मतदाताओं ने अवलोकनार्थ सूची में नाम शामिल होने पर खुशी जताई तो वहीं अनेक लोग नाम बढ़वाने के लिए भरा जाने वाला फार्म-छह नहीं मिलने पर मायूस होकर लौट गए। बीएलओ ने बताया कि उन्हें फार्म ही कम दिए गए हैं। शपथ पत्र भी कम पड़ गए। ऐसे में बीएलओ ने फार्म

## एसआईआर को लेकर विशेष अभियान में दौड़े अधिकारी



मांगने वालों को फोटो काफी कराने के लिए दौड़ लगवाईं। उच्च प्राथमिक विद्यालय एत्मादपुर (कंपोजिट) मतदान केंद्र पर 3.45 बजे पहुंचे तहसीलदार देवेंद्र प्रताप सिंह ने सभी बूथों का निरीक्षण कर यहां तैनात बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) विजय सिंह, सृष्टि शर्मा, रेनू वर्मा, सीरध्वज सिंह, पर्यवेक्षक राजेशकांत उपाध्याय आदि सभी से प्रगति की जानकारी ली। इस से पूर्व उन्होंने जनता इंटर कॉलेज एत्मादपुर और संवाई, मितावली, बरहन और आंवलखेड़ा स्थित मतदान केंद्रों के बूथों का भी निरीक्षण किया। खंड विकास अधिकारी विजय कुमार अग्रवाल ने खंदौली ब्लाक क्षेत्र के मतदान बूथों का जायजा लेकर अभियान की प्रगति का जायजा लिया।

### बूथों से गायब रहे सहायक कर्मचारी

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य के लक्ष्य को पूर्ण कराने के लिए दूसरे चरण में चुनाव आयोग की ओर से रविवार के अवकाश में बूथ स्तर पर चलाए गए विशेष अभियान में बीएलओ के साथ तैनात किए गए तमाम सहायक कर्मचारी गायब रहे। खंड विकास अधिकारी विजय कुमार अग्रवाल ने एत्मादपुर और खंदौली ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के प्रधानों को भी बूथों पर रहकर कार्य में सहयोग करने को कहा था, लेकिन अधिकांश बूथों पर ग्राम प्रधानों की उपस्थिति नगण्य दिखाई दी।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
सोमवार, 19 जनवरी, 2026


## सहायक नगर आयुक्त ने 'स्वच्छता सारथियों' को कंबल बांटकर किया सम्मानित

एनएनआई




**आगरा।** जे.एस. एन्वायरो सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सामाजिक पहल (करुणा का कंबल) एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सहायक नगर आयुक्त ने कड़ाके की ठंड में शहर को साफ रखने वाले स्वच्छता मित्रों और चालकों को कंबल वितरित किए। उन्होंने जे.एस. एन्वायरो की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सफाई कर्मचारी शहर की रीढ़ की हड्डी हैं और उनका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। जे.एस. एन्वायरो के एम.डी जीवन ने बताया कि कंपनी अपने कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा और सफल प्रबंधन जे.एस. एन्वायरो के प्रोजेक्ट मैनेजर शत्रोहन लाल ऑपरेशन मैनेजर अब्बास के नेतृत्व में तैयार की गई। ऑपरेशन मैनेजर अब्बास ने बताया कि कंपनी का उद्देश्य न केवल शहर को स्वच्छ रखना है, बल्कि उन हाथों को मजबूती देना भी है जो हर मौसम में सफाई के मोर्चे पर डटे रहते हैं। इस अवसर पर नगर निगम से जेड एस ओ महेंद्र सिंह, एस एफ आई योगेंद्र कुशवाह, राघवेंद्र यादव, और संजीव यादव सर तथा जे एस इनवायरो कंपनी के सी ई ओ, सी एफ ओ प्रोजेक्ट मैनेजर सहित समस्त टीम मौजूद रही। कार्यक्रम का सफल संचालन अनुशासन और प्रोटोकॉल के साथ संपन्न हुआ।

## हैल्प आगरा ने की किशोर की सहायता

### सुनने की मशीन पाकर धीरज के चेहरे पर झलके खुशी के भाव

एनएनआई




**आगरा।** शास्त्रीपुरम, सिकन्दरा निवासी स्व किशोर का 15 वर्षीय एकलौता बेटा धीरज जन्म से ही सुन व बोल नहीं पाता है। इलाज कर रहे डाक्टर ने धीरज को कान की मशीन का प्रयोग करने की सलाह दी। लेकिन परिवार की आर्थिक हालत बहुत कमजोर होने के कारण उक्त मशीन के लिए 70000/ जुटाना उसके लिए नामुमकिन हो पा रहा था। इसके लिए उसका परिवार काफी मायूसी भरा जीवन व्यतीत कर रहा था। हैल्प आगरा के संज्ञान में आने पर दानदाताओं के सहयोग से संस्था ने उक्त मशीन आज उसको प्रदत्त करा दी। जिससे वह अब सुन सकेगा। हेल्प आगरा कार्यालय पर उक्त मशीन के सहयोगियों की मौजदूगी में संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन ने प्रदत्त की।मशीन पाकर उसकी मां कंचन मयानी के चेहरे पर भी संस्था के प्रति कृतज्ञता के माव स्पष्ट झलक रहे थे। करीब 14 साल पहले धीरज के सिर से पिता का का साया उठ गया था।मां कंचन मयानी घरो पर खाना बनाने का काम करके अपना परिवार का भरण-पोषण करती है।उसकी एक बेटी भी है। इस मशीन में जैन मिलन सोसाइटी, राज कुमार विजय, सुरेश चंद, आरएस रावत तथा एक अन्य समाजसेवी ने गुप्त सहयोग किया है। इस मौके पर जैन मिलन के पदाधिकारी एवं सदस्य, हेल्प आगरा के पूर्व महासचिव किशन अग्रवाल, उपाध्यक्ष विशेष बंसल, मंत्री नितिन अग्रवाल, गोपाल बंसल, राजीव गुप्ता , पीआरओ जगवीर सिंह, मीडिया प्रभारी नंदकिशोर गोयल आदि उपस्थित रहे।

## खाटू वाले श्याम धणी, थारी महिमा न्यारी...

### श्याम नाम की गूंज में डूबे भक्त, श्री श्याम मित्र मंडल एवं श्री श्याम महिला मित्र मंडल के संकीर्तन महोत्सव में उमड़ा भक्ति का सागर

एनएनआई



**आगरा।** खाटू वाले श्याम धणी, थारी महिमा न्यारी...जैसे भावपूर्ण भजन पंक्तियों के साथ जैसे ही श्याम नाम का संकीर्तन आरंभ हुआ, जैन स्मृति भवन, जयपुर हाउस मानो वृंदावन और खाटूधाम की दिव्य अनुभूति से सराबोर हो उठा। ताल-मृदंग और करताल की मधुर लय, झूमते श्रद्धालु और जय श्री श्याम के जयघोष के बीच श्री श्याम मित्र मंडल एवं श्री श्याम महिला मित्र मंडल, लोहा मंडी द्वारा आयोजित श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव भक्ति, भाव और आनंद का अनुपम संगम बन गया। संकीर्तन महोत्सव का शुभारंभ बाबा श्याम की जोत प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर दिव्य फूल बंगले में सजे खाटू नरेश की अलौकिक छवि श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही। संपूर्ण पंडाल श्याम नाम के जयकारों से गूंज उठा। संकीर्तन में त्रिलोकी शर्मा, राजा सांवरिया, मीनाक्षी शर्मा, सूर्यांश गहलोत, विकास शर्मा एवं भोला वर्मा के भक्तिरस से परिपूर्ण कंठों से भजनों की अविरल धारा प्रवाहित हुई। श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम, हारे का सहारा श्याम हमारा.. जैसी पंक्तियों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर नृत्य करते और श्याम भक्ति में लीन नजर आए। चार दिवसीय महोत्सव की श्रृंखला का समापन भव्य प्रसादी वितरण के साथ हुआ। अध्यक्ष अभी जैन ने बताया कि संकीर्तन महोत्सव का उद्देश्य श्याम भक्ति के साथ-साथ समाज में सेवा, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। महिला मंडल अध्यक्ष पूजा राधे अग्रवाल ने आयोजन में सभी सदस्यों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महामंत्री अमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अतुल गुप्ता, मीडिया प्रभारी अखिल अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, महामंत्री अमित अग्रवाल, अवधेश कुलश्रेष्ठ, राजीव लवानिया, इंद्र खंडेलवाल, मनीष अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, प्रदीप जैन, मोहित अग्रवाल, अनीता जैन, रीता अग्रवाल, आशी, गुंजन, पूजा अग्रवाल, निशा जैन, कामिनी, आंचल, प्रियंका, प्रीति, ज्योति अग्रवाल, लता गर्ग आदि उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर में बहा जीवन का अमृत

### एक शाम सांवरे के नाम समिति द्वारा आयोजित किया गया चतुर्थ विशाल स्वेच्छिक रक्तदान शिविर

एनएनआई



**आगरा।** भक्ति जब सेवा का रूप ले ले, तब समाज को जीवन का वरदान मिलता है। इसी भाव को चरितार्थ करते हुए जीवनी मंडी स्थित श्री खाटू श्याम जी मंदिर हॉल में एक शाम सांवर के नाम समिति द्वारा चतुर्थ विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं और रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए 82 यूनिट रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि लायंस क्लब इंटरनेशनल के पूर्व डायरेक्टर जितेंद्र चौहान, समाजसेवी नितिन कोहली, श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश चंद्र अग्रवाल, मुख्य ट्रस्टी हेमेंद्र अग्रवाल एवं संजय अग्रवाल, अविनाश राणा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जितेंद्र चौहान ने कहा कि वर्तमान समय में रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। यह ऐसा पुण्य कार्य है जिसमें न तो दानकर्ता यह जानता है कि उसका रक्त किसे मिलेगा और न ही प्राप्तकर्ता यह जानता है कि उसे किसने जीवनदान दिया।

संस्था के संस्थापक संदीप अग्रवाल एवं संरक्षक राजेश राजपूत ने बताया कि समिति द्वारा यह सेवा कार्य निरंतर चौथे वर्ष किया जा रहा है। भक्ति और सेवा संस्था के दो प्रमुख उद्देश्य हैं। शिविर की व्यवस्थाओं कोषाध्यक्ष गौरव वार्ष्णेय, संयोजक सौरभ अग्रवाल, महामंत्री शिवम गुप्ता, उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, मंत्री सुशील श्रीवास्तव, धीरज मित्तल, राहुल सिंघल, रोहित बंसल, विक्की बंसल, मोनू अग्रवाल, मुरारी शाह, केशव, मनोज, शुभम, विमल, जीतू, अतुल, दीपू, नितिन, नितेश, मनीष अग्रवाल, सोनू दीक्षित, प्रमोद सक्सेना, सुमित सहित ने संभाला।

## समय विद्यार्थियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण : पंकज

- फिजिक्स वाला विद्यापीठ द्वारा 'आगाज 2026' का विधिवत उद्घाटन सूरसदन प्रेक्षागृह में हुआ।




**आगरा (एनएनआई)।** सुरसदन प्रेक्षागृह में जहां तक नजर जा रही थी मोबाइल की फ्लैशलाइट ही फ्लैशलाइट नजर आ रही थी, पूरा प्रेक्षागृह विद्यार्थियों से खचाखच भरा हुआ था, मौका था फिजिक्स वाला विद्यापीठ द्वारा आयोजित आगाज 2026 का समागम। शुरूआत दीप प्रज्वलन और माता सरस्वती वंदना से हुई, सुमित राहुल स्कूल से रामानंद चौहान ,जिम कॉर्बेट से आर के सिंह राघव और प्रबंधक माधव गोयल द्वारा संयुक्त रूप से सरस्वती माता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर विधिवत उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे स्टार फैकल्टी पंकज, तूलिका,संन्या ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि यह समय विद्यार्थियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण समय है और इस समय जितनी मेहनत कर लोगे उतना फल अवश्य अपने लक्ष्य को प्राप्त करोगे क्योंकि हम जितने ऊंचे सपने देखते हैं उतना ही ऊंचा लक्ष्य प्राप्त करते हैं सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रबंधक माधव गोयल ,सेंटर हेड अमित अग्रवाल ने सभी बच्चों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। फिजिक्स वाला विद्यापीठ हर साल आगाज कार्यक्रम करता है जिसके तहत बच्चों को आईआईटी और जेईई प्रवेश के लिए सभी तरह की गुण सिखाए जाते है ।इस दौरान प्रबंधक माधव गोयल ,अमित अग्रवाल, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# नारी शक्ति का विश्व में अब रोल बॉल चैंपियनशिप में भी डंका: योगेंद्र उपाध्याय

एनएनआई

**आगरा।** दुबई में आयोजित 7 वें रोल बॉल वर्ल्ड कप 2025 में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाली भारतीय रोल बोर्ड टीम में आगरा शहर से चयनित प्राची पचौरी ने गोल्ड मेडल जीतकर भारत का नाम विश्व में रोशन किया है। 16 देशों की भागीदारी वाली इस चैंपियनशिप में भारतीय महिला रोल बॉल टीम ने केन्या को 3-2 से हराकर वर्ल्ड कप जीता है। केन्या लगतार तीसरी बार किताब जीतने के इरादे से उतरी थी, लेकिन प्राची पचौरी, इशिका शर्मा, सुविधा सरीन ने फाइनल में शानदार तालमेल दिखाया जो जीत का कारण बना था। यह भारत का तीसरा महिला रोल वर्ल्ड कप खिताब है, जिसमें प्राची ने अपनी खेल प्रतिभा को दिखाते हुए विश्व विजेता टीम को शिकस्त दी। उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने



प्राची पचौरी के रुई की मंडी शाहगंज स्थित निवास पर पहुंच कर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा आज भारत की नारी शक्ति का डंका रोल बॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी देखने को मिला है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने प्राची पचौरी से रोल बॉल खेल में उनके चैंपियन बनने की यात्रा, संघर्ष और खेल की पृष्ठभूमि की जानकारी प्राप्त की। कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने प्राची पचौरी का उत्साहवर्धन करते हुए कहा उत्तर प्रदेश की योगी सरकार खेल प्रतिभाओं के साथ है। उन्होंने प्राची को आश्वस्त किया कि खेल से संबंधित किसी भी समस्या या आवश्यकता के लिए वह हमेशा तत्पर हैं। इस मौके पर रमाशंकर त्यागी, सुनील करमचंदानी, आदेश त्यागी, पूर्व पार्षद अनीता खरे, पूर्व पार्षद उमेश पेरवानी, पूर्व पार्षद संदीप उपाध्याय, संदीप वर्मा, पार्षद राधा रानी, गौरव सारस्वत, प्राची पचौरी के पिता डा दिग्विजय पचौरी, माता साधना पचौरी, जलज पचौरी सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# शिक्षार्थी के साथ विद्यार्थी भी बने युवा पीढ़ी: पीठाधीश्वर

**आगरा (एनएनआई)।** हिन्दू होना जितनी गौरव की बात है, उतनी जिम्मेदारी की भी। आज की परिस्थिति में भारत के हिन्दुओं में जाग्रति और राष्ट्र से जुड़ने की जरूरत है। व्यक्तिगत भोग, लिप्सा में रहेंगे तो भारत पहले की तरह फिर से विभाजन



की दिशा ओर बढ़ सकता है। हमनें अपनी जिम्मेदारी को नहीं निभाया, जिससे भारत कई बार खंडित होता गया। जिससे व्यक्तिगत, पारीवारिक व सामाजिक जीवन में भी दुखी रहते हैं। सैमरा में विराट हिन्दू सम्मेलन में भाग लेने पहुंच रहे पीठाधीश्वर सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज का कमला नगर स्थित सौरभ गुप्ता के निवास पर भव्य स्वागत किया गया, जहां पत्रकारों से बातचीज करते हुए महाराज ने यह वक्तव्य दिया। महाराज ने कहा कि जिस तरह घर में खुश रहने के लिए घर की छत का मजबूत होना जरूरी है, वैसे ही ही देश में सुरक्षित रहने के लिए राष्ट्र को सुरक्षित रखना जरूरी है। वर्तमान में इतिहास से हमें सीखना चाहिए। कुछ देशों से भागना पड़ा हिन्दुओं को। जो हमें तकलीफ हुई वह दोहराई न जाए यही मूल कारण था राष्ट्र कथा का। कहा कि श्रीराम कृष्ण भारत की आत्मा है। राष्ट्र सुरक्षित रहा तो राम कथा, श्रीकृष्ण कथा होती रहेंगी। पाकिस्तान, अफगानिस्तान सहित भारत के भी कई हिस्सों में राम कथा नहीं हो रही। हम अपनी संस्कृति का संरक्षण नहीं कर सके तो आज जहां राम कथा हो रही है, वहां भी बंद हो जाएंगी। हम अपने सनातन के बीज को न बचा सके, विचारधारा ही बदल गई तो यह सम्भव नहीं हो पाएगा। एकेडमिक क्वालिफिकेश के साथ संस्कार की शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा और विद्या में तर है। सनातम शिक्षा पद्धति पर प्रकाश डालते हुए महाराज जी ने कहा कि शिक्षार्थी के साथ विद्यार्थी भी बने युवा पीढ़ी। हमारी परम्परा केवल शिक्षार्थी की नहीं रही है। परीक्षा में असफलता पर डिप्रेशन के सवाल पर कहा कि कोई भी प्रयत्न अंतिम प्रयत्न नहीं होता। अपेक्षित सफलता हर बार नहीं मिलती, लेकिन अपने प्रयत्न करते रहिए। शार्ट कर्ट न अपनाएं।

# सरकार की योजनाओं से व्यापार को आगे बढ़ाएं युवा

- उद्यमिता विकास एवं स्वरोजगार स्थापना के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

एनएनआई



**आगरा।** नेशनल एससीएसटी हब व मानिक चन्द वीर संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में उद्यमिता विकास एवं स्वरोजगार स्थापना के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री डॉ राम बाबू हरित तथा सभापति संस्थान ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवाओं को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाते हुए व्यापार को आगे बढ़ाना चाहिए। ऐसे बहुत से उदाहरण है कि छोटी छोटी पूंजी से शुरू कर लोगों ने बड़े बड़े प्रतिष्ठान बना लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान अध्यक्ष एवं पूर्व संयुक्त सचिव केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड भारत सरकार सीताराम ने कहा कि इस जागरूकता कार्यक्रम से आम आदमी को व्यापार करने में आने वाली दिक्कतों से बचने का अवसर मिलेगा साथ ही केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाले प्रोत्साहन की जानकारी होगी

कार्यक्रम संयोजक नेत्रपाल सिंह ने कहा कि उन कारणों को तलाशना पड़ेगा जिनकी वजह से कुछ ही वर्षों में एक चलता हुआ व्यापार घाटे में आ जाता है। इसका मुख्य कारण है कि आगरा में कुटीर कारोबारी , निमार्ता दस्तावेजों के बजाय पर्ची व्यवस्था पर निर्भर हो गया है। दस्तावेजों की विधिवत जानकारी न होने पर वो उन कारणों को नहीं ढूंढ पाता जिनके कारण उसको हानि हो जाती है।

पुष्पेंद्र सूर्यवंशी प्रभारी एस सी एस टी हब ने नेशनल एससी/एसटी हब की प्रमुख नीतियों पर प्रकाश डाला गया, जिनमें एससी/एसटी उद्यमियों को सरकारी खरीद में भागीदारी बढ़ाने, सीपीएसई/राज्य उपक्रमों से जोड़ने, उद्यम पंजीकरण, जीईएम पोर्टल, क्षमता निर्माण, बाजार संपर्क एवं मेंटरशिप जैसी सुविधाएं शामिल हैं। योगेश श्रीवास्तव सहायक निदेशक प्रशिक्षण ने बताया कि वे अपने निर्देशन में उद्यमियों को प्रशिक्षण प्रदान कराएंगे जिससे वो अपने दस्तावेजों को बनाना व सम्हालना सीखें। चार्टड अकाउंटेंट भावेश कुमार ने जी एस टी के प्रावधानों को बताया और कहा कि व्यवसाय से संबंधित दस्तावेजों को खुद भी पढ़ते, समझते रहें। कार्यक्रम में नेपाल सिंह, प्रकाश सिंह, राजपाल निमेष, राजू गोला, चौ. जितेंद्र सिंह , रज्जन बाबू, श्रीचंद चौधरी, प्रमोद कुमार सिंह, शीतल प्रसाद, श्याम बिहारी,ओ पी पिप्पल,अतुल कुमार, मनीष कुमार मोरया, जितेंद्र कुमार सेंगर,मिन्टू चौ हरीशंकर, धर्मेन्द्र, विशाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# वाल्मीकि नव निर्माण सेना के अध्यक्ष बने साहिल चौहान

एनएनआई



**आगरा।** वाल्मीकि समाज के नौजवान साथियों द्वारा हरियाली वाटिका में समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता वाल्मीकि महा पंचायत आगरा के अध्यक्ष तख्त चौधरी गौरव वाल्मीकि ने की। वही संचालन उपाध्यक्ष संजय ऊंचिया द्वारा किया गया।

सर्व प्रथम भगवान वाल्मीकि के चित्र पर माला अर्पित कर बैठक को प्रारंभ किया और समाज के मुद्दों पर चर्चा की गई इसी उपरांत समाज के नौजवानों द्वारा वाल्मीकि नव निर्माण सेना का गठन किया गया, जिसमें सर्व सम्मति से शाहगंज निवासी साहिल चौहान को अध्यक्ष चुना गया। पूर्व महापौर इंद्रजीत आर्य, और वाल्मीकि महा पंचायत आगरा के अध्यक्ष तख्त चौधरी गौरव वाल्मीकि को संरक्षक बनाया गया । सभी नौजवानों ने तय किया कि वह एकजूट होकर समाज के मोहल्ले बस्तियों में नाली खड़ंजे, लाइट, व पानी आदि के लिए सभी जनप्रतिनिधि को अवगत कराऐंगे और समाज के गरीब परिवार के बच्चो को शिक्षा की ओर अग्रसित करेंगे।

बैठक में,शिवम चौहान, विवेक नरवार, अमन नरवार, नकुल भारती, लक्की कचवार, रितिक थानवर, शिवम चौहान भक्त जी, साहिल वाल्मीकि, आर्यन चौहान, मनीष चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।




# डीएम ने बूथों की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

## सभी मतदाताओं से की डिक्लरेशन सहित फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में नाम शामिल करने की अपील

एनएनआई

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी जी ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाण पुनरीक्षण के अंतर्गत विधानसभा 90-आगरा ग्रामीण बमरौली कटारा में मतदान केंद्र 431,432 सहित विभिन्न बूथों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण/सत्यापन किया। उन्होंने मतदाताओं से डिक्लेरेशन सहित फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करने की अपील की।

मतदाताओं की सुविधा के लिए आज रविवार को एक बार फिर से समस्त बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा अपने मतदेय स्थलों (बूथों) पर उपस्थिति रह कर सुबह 10:30 बजे से शाम 4:00 तक प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची/ड्राफ्ट रोल को पढ़कर सुनाया गया। ऐसे मतदाता जो मृतक, अनुपस्थित, दोहरी प्रविष्टि, स्थानांतरित, गणना प्रपत्र हस्ताक्षर कर बीएलओ को वापस न देने के कारण आलेख्य मतदाता सूची/ड्राफ्ट रोल में शामिल नहीं किए गए हैं, उनके नाम भी पढ़कर सुनाए गए।

जिलाधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि अपने बूथ पर जाकर 06 जनवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें। यदि आपका नाम आलेख्य मतदाता सूची में न हो तो घोषणा पत्र के साथ फॉर्म 6 भरकर अपने बीएलओ को उपलब्ध करा दें। उन्होंने बताया कि आलेख्य मतदाता सूची में अंकित



अपनी प्रविष्टि में किसी भी त्रुटि को सुधारने के लिए फॉर्म 8 भरे। मतदाता किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 पर भी संपर्क कर सकते है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा है कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटने न पाए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेष अभियान की तिथियां 31.01.2026 (शनिवार), दिनांक 01.02.2026 (रविवार), विशेष अभियान की तिथियों में सभी बूथ लेविल अधिकारी अपने-अपने बूथों पर मतदाता सूची के साथ उपस्थित रहेंगे। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दृष्टिगत आयोग द्वारा तीन विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित की गयी हैं।निर्वाचक नामावली में यदि कोई त्रुटि परिलक्षित हो रही है तो उस त्रुटि को दूर करने हेतु आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की जायेगी तथा 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी अर्ह मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किये जाने की कार्यवाही की जायेगी तथा फार्म-6 प्राप्त किये जायेंगे।

उन्होंने बताया कि जो मतदाता स्थाई रूप से अन्यत्र चले गए हैं, जिनकी मृत्यु हो गई है का फार्म-7 भरा जाएगा एवं जो मतदाता किसी प्रकार का संशोधन कराना चाहते है यह फार्म-8 भरकर साक्ष्य सहित सम्बन्धित मतदेय स्थल अथवा तहसील स्थित मतदाता पंजीकरण केन्द्र पर जमा कर सकते हैं।

## भाजपा ने चलाया मतदाता जनसंपर्क अभियान

एनएनआई

**आगरा।** पार्षद मुरारी लाल गोयल ने आगरा महानगर के बल्केश्वर मंडल अंतर्गत राधा नगर ओर न्यू राधा नगर क्षेत्र में क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती पूजा बंसल और पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरिराज बंसल के साथ बूथ संख्या 349 एवं 350 पर घर-घर जाकर जनसंपर्क किया।

जनसंपर्क अभियान में राधा नगर क्षेत्र में एसआईआर से संबंधित प्रपत्रों एवं नए मतदाताओं के प्रपत्र भरवाए गए।नागरिकों ने सहभागिता कर अपने ओर परिवार के नाम मतदाता सूची में जुड़वाए तथा आवश्यक संशोधन कराए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व



में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

मतदाता जागरूकता जनसंपर्क अभियान में पार्षद मुरारी लाल गोयल, पार्षद पूजा बंसल, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिर्राज बंसल, विश्वनाथ भारद्वाज, मीनाक्षी शर्मा, अमित शर्मा, अनिल गुप्ता, मयंक खंडेलवाल, कमल किशोर बंसल, गुरदास लालवानी, रुपेश अग्रवाल, अनीता अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बसंत को लेकर हुआ यूथ फेस्टिवल

एनएनआई

**आगरा।** पवित्र बसंत के अवसर पर आगरा डिस्ट्रिक्ट सत्संग एसोसिएशन के तत्वावधान में सभी यूथ एसोसिएशनों के युवाओं ने "यूथ फेस्टिवल 2026" के प्रथम सन्सकरण का आयोजन आगरा सिटी ब्रांच, दयाल बाग के प्रांगण में किया।

अदन बाग, अलोरा और आगरा सिटी ब्रांच के युवाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कव्वाली, लघु नाटिका, नृत्य नाटिका, भक्ति गान, प्रार्थना गान आदि के माध्यम से मानव जाती की सेवा के महत्व को उजागर किया।

संयोजक व समन्वयक शरद सिन्हा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन सम्पूर्ण प्रदेश



भर कि सत्संग शाखाओं में वर्ष पर्यन्त किया जाता रहेगा। इसका उद्देश्य सभी युवाओं में मानव सेवा, नैतिकता, शिक्षा एवं सद्भाव का संचार करना है और वसुधैव कुटुंबकम की भावना को प्रचारित - प्रसारित करना है।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राधास्वामी सत्संग एसोसिएशन के प्रेसिडेंट राकेश नारंग रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विकास सिन्हा, कर्नल (रिटा.) आर के सिंह, डॉ एस के सतसंगी, सुरेश कुमार, लखपति सिंह, कल्पनाथ जी रहे। आनंद प्रकाश, मुकुल सिन्हा, विनीता श्रीवास्तव, अनिल सतसंगी, श्रुति सिन्हा, अरुण सक्सेना, महाराज सरन, तान्या चौधरी, सत्या प्रकाश, प्रेम सरन, हुज़ूर सरन, दिलीप कुमार की उपस्थिती रही।




## निःशुल्क जांच शिविर लगाया

**आगरा एनएनआई।** आगरा में पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर के सामने अमित एडवांस ई एन टी सेंटर डॉक्टर सुमित गुप्ता द्वारा नाक कान गले का निशुल्क जांच शिविर लगाया गया।इस जांच शिविर में एंडोस्कोपी एलर्जी ऑडियोमेट्री व ब्लड की जांच निशुल्क की जा रही है। इस शिविर में दवाओं का वितरण 50% डिस्काउंट के साथ किया जा रहा है सैकड़ो की संख्या में रोगी जांच शिविर का लाभ लेते हुए नजर आ रहे हैं इस शिविर का आयोजन हिमांशु शर्मा व हिमांशु बिटोलिया , मनीष अग्रवाल और आलोक शुक्ला नितिन ओर रेनू द्वारा किया गया।

## मणिकर्णिका घाट को नुकसान काशी की आत्मा पर प्रहार

**आगरा एनएनआई।** मणिकर्णिका घाट केवल एक संरचना नहीं, बल्कि सनातन परंपरा, आस्था और मोक्ष की हजारों वर्षों पुरानी चेतना का प्रतीक है। इस बात का विरोध करने पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह के ऊपर मुकदमा दर्ज करके इस सरकार की मानसिकता का पता चलता है। आप के जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि आस्था के इस केंद्र के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ अस्वीकार्य है। विकास के नाम पर विनाश न तो स्वीकार किया जा सकता है और न ही सही ठहराया जा सकता है। काशी का विकास उसकी परंपरा को बचाते हुए ही संभव है, उसे मिटाकर नहीं। उन्होंने मांग की कि मणिकर्णिका घाट की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत की पूर्ण रक्षा की जाए। किसी भी प्रकार के तोड़-फोड़ कार्य को तत्काल रोका जाए। स्थानीय संत समाज, पुरोहितों और नागरिकों से संवाद के बाद ही कोई निर्णय लिया जाए। काशी को काशी ही रहने दिया जाए। आस्था के स्थानों पर बुलडोजर नहीं, संवेदनशीलता और समझ चलनी चाहिए।





## गुरबाणी से गूंज उठा कीर्तन दरबार

**आगरा एनएनआई।** मौनी अमावस्या के अत्यंत पावन एवं पुण्यकारी अवसर पर गुरुद्वारा गुरु का ताल स्थित भाई नंदलाल हॉल में एक भव्य एवं अलौकिक कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया, अमृतमयी गुरबाणी के मधुर स्वरों से संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्तिरस से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर आगरा से पधारे प्यारे वीर महेंद्र पाल सिंह तथा विशेष रूप से आमंत्रित भाई अमरजीत सिंह जी (पटियाला वाले) ने अपनी सुमधुर रसना से गुरबाणी का कीर्तन कर संगत को निहाल किया। शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज जी के पावन प्रकाश के साथ हुआ, समूह जटाना परिवार एवं सुखमनी सेवा सभा द्वारा श्रद्धा भाव से जपजी साहिब के पाठ किए गए। इसके उपरांत वीर महेंद्र पाल सिंह ने कर किरपा तेरे गुण गावां एवं जो मांगे ठाकुर अपने ते सोई सोई देवै शबदों का भावपूर्ण गायन किया, उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि जिस प्रकार कुछ ही समय में किया गया भोजन कई घंटों तक शरीर को तृप्त रखता है, उसी प्रकार कुछ क्षणों का सच्चे मन से किया गया नाम सिमरन मनुष्य को असंख्य पापों से मुक्त कर देता है। इस संपूर्ण कीर्तन दरबार श्रद्धा भाव से किया गया इस अवसर पर जटाना परिवार की ओर से वीर महेंद्र पाल सिंह, भाई अमरजीत सिंह जी एवं संत बाबा प्रीतम सिंह जी को सम्मानित किया गया।

# अध कटे ड्रम में डूबने से बुझा घर का चिराग

## परिवार में मातमी कोहराम, बेसुध हुई मां एवं दादी

एनएनआई

**बाह।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला खटीक टूला में रविवार दोपहर घर की सीढ़ियों के बगल में रखे आधे कटे हुए ड्रम में डूबने से डेढ़ साल के बच्चे की मौत हो गई। दर्दनाक हादसे में इकलौते बेटे की मौत से मां और दादी बेसुध हो गईं। हादसा दोपहर करीब दो बजे हुआ।

अखिलेश कुमार ने बताया कि उनके घर के दरवाजे पर सीढ़ियों के पास पशुओं का पानी भरने के लिए ड्रम रखा था। ड्रम के पास का उनका डेढ़ साल का बेटा कान्हा खेल रहा था। खेलते समय कान्हा ड्रम में गिर गया और किसी को इसकी जानकारी नहीं हो सकी। काफी देर बाद परिजन की नजर पड़ी, तो बच्चे को बाहर निकाला। तुरंत इलाज के लिए बाह सीएचसी ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता ने बताया कि दो बेटियां सृष्टि (12) और मोनिका (10) के बाद कान्हा का जन्म हुआ था। इकलौते बेटे की मौत से परिवार शोक में डूब गया। कान्हा की मां राखी और दादी भगवान देवी रोते-रोते बेसुध हो गईं। उन्हें ढाढ़स बंधाने वालों की आंखों के आंसू भी नहीं रुक रहे थे। प्रभारी निरीक्षक बाह ने बताया कि पानी ड्रम में डूबने से बच्चे की मौत की जानकारी मिली थी। परिजन ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया।



**जीवित होने की आस में दोबारा अस्पताल ले गए परिजन**

चिकित्सीय परीक्षण के बाद बाह सीएचसी में डॉक्टर ने कान्हा को मृत घोषित किया गया था। परिजन शव लेकर घर पहुंचे और पेट दबाया, तो मुंह से झाग और पानी निकला। इससे जीवित होने की उम्मीद में परिजन उसे दोबारा सीएचसी लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने दोबारा जांच की और कान्हा को मृत घोषित कर दिया। अधीक्षक डॉ. जितेंद्र वर्मा ने बताया बच्चे के पेट में पानी भरा हुआ था। दबाने पर कुछ पानी निकलने की वजह से परिजन को भ्रम हुआ था।



# कमला नगर में खुला भारतीय मजदूर संघ का नया जिला कार्यालय, हवन पूजन के साथ हुआ शुभारंभ

एनएनआई

**आगरा।** भारतीय मजदूर संघ जिला आगरा के नए कार्यालय का उद्घाटन पूरे विधि विधान के साथ किया गया। यह कार्यालय कमला नगर में पानी की टंकी के पास स्थित है। इससे पूर्व भारतीय मजदूर संघ का कार्यालय उत्तर प्रदेश रोडवेज के ईदगाह बस स्टेशन पर संचालित था, लेकिन उक्त बस अड्डा पीपीपी मॉडल में टूटना प्रस्तावित है । सैकड़ो मजदूर /श्रमिकों के साथ भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारीयों द्वारा बैठक की गई और मजदूरों को बताया गया कि सरकार की बहुत सी ऐसी योजनाएं हैं जिनका लाभ आप लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है, भारतीय मजदूर संघ ने आगरा जनपद के सभी मजदूरों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलवाने का संकल्प लिया।

इस मौके पर सैकड़ो मजदूरों ने भारतीय मजदूर संघ का सहयोग करने का आश्वासन दिया तथा ई-श्रम कार्ड बनवाने के लिए अपने नाम पते नोट कराये।

उत्तर प्रदेश विद्युत मजदूर संघ के सयोजक आशीष को वनाया गया। भारतीय मजदूर संघ आगरा सुनीता देवी को महिला प्रकोष्ठ की जिला संयोजक नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संभाग प्रमुख शंकर लाल, विभाग प्रमुख चंद्रभान सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राणा, वरिष्ठ कार्यकर्ता देवेश बाजपेई, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भगौर, जिला मंत्री मुकेश चाहर, कोषाध्यक्ष आर आर शर्मा एवं विद्युत मजदूर संघ के पूर्व एवं सेवा निवृत अध्यक्ष एमपी सिंह सहित आगरा जनपद में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध लगभग 17 यूनियनों के अध्यक्ष मंत्रियों द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्युत मजदूर संघ के पूर्व अध्यक्ष एमपी सिंह द्वारा की गई तथा संचालन जिला मंत्री मुकेश चाहर द्वारा किया गया।

# विजय ने एसएससी-जीडी की परीक्षा में हासिल की तीसरी रैंक

**एत्मादपुर एनएनआई।** गांव अहारन के होनहार युवा विजय कुमार ने प्रतिभा के बलबूते राष्ट्रीय स्तर पर सितारों की भांति चमकने जैसी उपलब्धि हासिल कर ली है। शून्य से शिखर पर सफलता की कुलांच भरने वाले विजय आज गांव के बुजुर्गों की आंखों के तारे और युवाओं के भविष्य की प्रेरणा हो गए हैं। अखिल भारतीय स्तर की परीक्षा में सफलता पर उन्हें हर कोई सम्मान-सत्कार दे रहा है। गांव में बैंड-बाजे के साथ गर्मजोशी से स्वागत करने वाले युवा खुशी में झूम उठे।



तहसील की ग्राम पंचायत अहारन निवासी विजय कुमार ने कर्मचारी चयन आयोग सामान्य ड्यूटी (एसएससी-जीडी) की परीक्षा में तीसरी रैंक हासिल की है। अपनी सफलता का श्रेय वह कोचिंग गुरु और परिवार को देते हैं। ऑल इंडिया रैंक-3 से परीक्षा उत्तीर्ण करने पर अब वह गृह मंत्रालय के अधीन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स) सीआईएसएफ के अधिकारी के रूप में देश की सेवा करेंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा में 160 में से 158.38 अंक आए हैं। हाईस्कूल की परीक्षा 71 एवं इंटरमीडिएट की 64 प्रतिशत अंकों के साथ राष्ट्रीय इंटर कालेज बरहन से उत्तीर्ण की है। मां सुमन देवी और पिता लोकेंद्र कुमार शर्मा बेटे की सफलता पर फूले नहीं समा रहे। हर कोई उन्हें बधाई दे रहा है। क्षेत्रीय भाजपा विधायक डा. धर्मपाल सिंह ने विजय कुमार को बधाई देते हुए कहा है कि अपनी प्रतिभा और कठिन परिश्रम से उन्होंने माता-पिता के साथ पूरे आगरा जिला और एत्मादपुर विधानसभा क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

# जन आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में लगाई ड्यूटी

**फतेहपुर सीकरी एनएनआई।** मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले के आयोजन के संबंध में चिकित्सा एवं सहयोगी स्टाफ की तैनाती कर रोस्टर जारी किया गया है। यह जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अधीक्षक द्वारा दी गई है प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेलों के लिए ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दूरा, बेहरावती एवं सामरा में चिकित्सक, पैरामेडिकल एवं सहयोगी स्टाफ की तैनाती निर्धारित की गई है।

आदेश में निश्चित किया गया है कि संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के मेडिकल ऑफिसर, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, हेल्थ स्टाफ के साथ सीएचओ, एएनएम, आशा एवं आशा संगिनी की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। अधीक्षक डॉ. राज कमल के निर्देशन में कार्यक्रम से संबंधित कार्य संपादित किए जाएंगे। साथ ही, समन्वय एवं कार्यक्रम प्रबंधन हेतु सत्येंद्र पाल (बीपीएम), महादेव (यूनिसेफ) तथा नवी हुसैन (बीसीपीएम) की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त, स्टेट रिव्यू मिशन टीम के अंतर्गत डॉ. रोहित गुप्ता (एआरओ) एवं डॉ. विकास शर्मा (डीएसएस) द्वारा कार्यक्रम का निरीक्षण एवं समीक्षा किया जाएगा। जारी निर्देशों में यह भी उल्लेख है कि सभी नामित कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यस्थल पर उपस्थित रहकर सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला शासन की स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित योजना के अंतर्गत आयोजित किया जाता है।



# मौनी अमावस्याः बटेश्वर में किया यमुना स्नान

**बाह एनएनआई।** मौनी अमावस्या पर रविवार को बटेश्वर में यमुना स्नान और भोलेनाथ के पूजन के साथ दान पुण्य अर्जित करने के लिए दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। रविवार को बटेश्वर के घाट पर श्रद्धालुओं ने यमुना नदी में स्नान किया। स्नान पर्व पर घाटों पर तीर्थ स्थल ट्रस्ट के गोताखोर मुस्तैद रहे। यमुना स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने ब्रह्मलाल जी मंदिर में दर्शन पूजन एवं दीपदान किया। मंदिर प्रबंधक अजय भदौरिया ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे से चैन स्नेचर और जेब कटों पर नजर रखी गई। मौनी अमावस्या पर कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। जबकि महिला श्रद्धालुओं ने अपने सौभाग्य एवं परिवार की सुख समृद्धि के लिए गौरीशंकर मंदिर में श्रंगार पूजा की। विभिन्न शिव मंदिरों में पूर्वजों की शांति के लिए अनुष्ठान हुए।

# एसआईआरः वोट बनवाने के लिए भरवाए फॉर्म, दिन भर दौड़े अफसर

**बाह एनएनआई।** एसआईआर में तैयार हुई कच्ची मतदाता सूची रविवार को विशेष अभियान में बाह, जैतपुर, पिनाहट ब्लॉक के 385 बूथों पर पढ़ कर सुनाई गई। जिन 22534 मतदाताओं की मैपिंग नहीं हुई थी, उनके लिए नोटिस जारी किए गये। मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए आवेदकों के फॉर्म 6 भरवाए गये। कच्ची मतदाता सूची को लेकर दावे और आपत्तियां ली गई। बाह के एसडीएम संतोष कुमार शुक्ला जैतपुर और पिनाहट कस्बे के बूथों का निरीक्षण एवं प्रगति की समीक्षा को पहुंचे। तहसीलदार संपूर्ण कुलश्रेष्ठ गुंगावली, पुरा हरलाल, अभयपुरा, पुरा खजुरियन,



खेडा राठौर, चौरंगाहार, मढ़ेपुरा, गुमानसिंह पुरा के बूथों पर विशेष अभियान की समीक्षा को पहुंचे। मौके पर दावे आपत्ति को लेकर आई समस्याओं का समाधान किया। नायब तहसीलदार दयाचंद पौरुष बसई भदौरिया, भदरौली, मानिकपुरा, फरैरा, फरैरी, नरहौली, भाऊपुरा के बूथों के निरीक्षण को पहुंचे। खास बात ये रही कि किसी भी बूथ पर बीएलओ गैर हाजिर नहीं मिले। बतादें कि एसआईआर में बाह विधानसभा क्षेत्र की जारी कच्ची मतदाता सूची में 24 की वृद्धि के साथ बूथ 361 से बढ़ कर 385 हो गये हैं। एसआईआर से पहले बाह विधानसभा क्षेत्र में 339350 मतदाता थे। एसआईआर के बाद जारी की गई कच्ची मतदाता सूची में 282060 वोट रह गये हैं। 22534 मतदाताओं की मैपिंग नहीं हुई है। बीएलओ द्वारा तैयार सूची के मुताबिक 6702 मतदाता मृतक, 33469 मतदाता सिफ्टेड, 3437 मतदाता डुप्लीकेट, 13389 मतदाता अनुपस्थित थे।

# संपादकीय

## बिहार में शह मात का खेल



बिहार में भाजपा और जनता दल यू के बीच शह मात का खेल चल रहा है। भाजपा इस प्रयास में है कि कितनी जल्दी नीतीश कुमार रिटायर हों और उसका मुख्यमंत्री बने तो दूसरी ओर जनता दल यू के नेता इस प्रयास में हैं कि कितने ज्यादा समय तक नीतीश को सीएम बनाए रखा जाए। जनता दल यू के कुछ बड़े नेताओं को छोड़ भी दें तो इन दिनों नीतीश कुमार के आसपास जो इकोसिस्टम बना है उसके लोग किसी हाल में नहीं चाहते कि नीतीश हटें। ये लोग हर हाल में नीतीश को बनाए रखना चाहते हैं।इसकी दूसरी कोशिश यह है कि अगर सत्ता हस्तांतरण हो तो नीतीश कुमार के बेटे निशांत को मिले। अगर नीतीश रहते हैं या उनके बेटे को बनाया जाता है तभी इन सभी लोगों की एक, अणे मार्ग में मौजूदगी रहेगी। अगर जनता दल यू से ही कोई दूसरा नेता बने या सत्ता हस्तांतरित होकर भाजपा के हाथ में चली  जाए तो इन सबको एक, अणे मार्ग छोड़ना होगा। नीतीश के पास दूसरा घेरा नेताओं का है, जिसमें कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी हैं। ये तीनों अगड़ी जाति से आते हैं और नीतीश के करीबी इकोसिस्टम में इनको लेकर संदेह है। वहां माना जा रहा है कि ये सब लोग किसी न किसी कारण से कंप्रोमाइज्ड हैं और बीजेपी के साथ किसी तरह का सौदा कर सकते हैं। एनडीए गठबंधन में अगर भाजपा का मुख्यमंत्री बन जाता है तो उनकी भी मौजूदा शक्ति कम होगी लेकिन इनके पास गंवाने के लिए उतना नहीं है, जितना नीतीश के कोर इकोसिस्टम के लोगों के पास है। इसलिए इकोसिस्टम किसी तरह से नीतीश को सक्रिय रखना चाहता है ताकि जनता में .यह संदेश जाएगा कि मुख्यमंत्री स्वस्थ हैं और अभी पद पर रहेंगे।यही मैसेज देने के लिए नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा की योजना बनी है। कहा जा रहा है कि इस यात्रा का असल मकसद बिहार के लोगों को यह दिखाना है कि मुख्यमंत्री ठीक हैं ताकि भाजपा अगर कोई दांव चले तो उस समय लोगों में नाराजगी हो। लोग यह सोचें कि जब नीतीश कुमार ठीक काम कर रहे हैं तो उनको क्यों हटाया जा रहा है। तभी उनकी इस यात्रा पर भाजपा की पैनी नजर रहेगी।भाजपा का इंतजार लंबा होता जा रहा है। इस बीच जनता दल यू के नेताओं ने अपने विधायकों की संख्या बढ़ा कर सबसे बड़ी पार्टी बनने का दांव खेलने की तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि भाजपा नेता इस गेम से परिचित हैं इसलिए वे भी अपनी तैयारी कर रहे हैं। जनता दल यू की नजर कांग्रेस के छह विधायकों पर है तो भाजपा की नजर अपने ही सहयोगी उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के तीन विधायकों पर है। कांग्रेस की सहयोगी आईआईपी के इकलौते विधायक आईपी गुप्ता पर भी भाजपा की नजर है तो दूसरी ओर बहुजन समाज पार्टी के इकलौते विधायक सतीश यादव उर्फ पिंटू यादव पर जनता दल यू की नजर है।जदयू नेताओं को इसका अफसोस है कि उनकी सीटें भाजपा से कम कैसे रह गईं या राजद को इतनी सीटें क्यों नहीं आईं कि भाजपा पर हमेशा यह दबाव रहे कि जदयू और राजद साथ मिल कर सरकार बना सकते हैं। वहीं खींचतान अब भी चल रही है। दोनों में सबसे बड़ी पार्टी बनने की होड़ है। अगर कांग्रेस के छह विधायक और बसपा के एक विधायक जदयू के साथ जाते हैं तो उसकी संख्या 92 होगी और अगर उपेंद्र कुशवाहा के तीन विधायक और आईपी गुप्ता भाजपा के साथ जाते हैं तो भाजपा की संख्या 93 होगी।इस बात की चर्चा इसलिए शुरू हो गई क्योंकि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने दही चूड़ा का भोज दिया तो उसमें कांग्रेस का एक भी विधायक नहीं पहुंचा। ध्यान रहे कांग्रेस के छह विधायकों में से दो मुस्लिम हैं। कुल चार सीमांचल के विधायक हैं। वे भाजपा के साथ जाने की जोखिम नहीं ले सकते हैं। बहरहाल, अगर भाजपा और जदयू का शह मात का खेल नंबर गेम में जाता है तो ओवैसी की पार्टी के पांच विधायक अपना समर्थन जदयू के साथ दिखाएंगे। हो सकता है कि पिछली बार की तरह ओवैसी की पार्टी टूट जाए और उनके चार विधायक जदयू के साथ चले जाएं। सत्ता के लिए भाजपा और जदयू में अगर वास्तव में टकराव शुरू होता है तो राजद का समर्थन भी निश्चित रूप से जदयू के साथ रहेगा। हालांकि अभी ऐसा नहीं हो रहा है। भाजपा के नेताओं की पैनी नजर हर घटनाक्रम पर है। कहा जा रहा है कि उनका संपर्क तेजस्वी यादव की पार्टी के भी कई विधायकों पर है। सो, अगर टकराव हुआ तो बहुत उठापटक होगी और नीतीश कुमार की स्थिति अभी ऐसी नहीं दिख रही है वे खेल को संभाल सकेंगे।



# ब्रेन ट्यूमर को लेकर फैले अफवाह और उनकी हकीकत

ब्रेन ट्यूमर के मामले हाल के वर्षों में तेजी से बढ़े हैं। ये समस्या अब कम उम्र के लोगों को भी तेजी से अपना शिकार बनाती जा रही है। ब्रेन ट्यूमर एक गंभीर समस्या है, जिससे हर साल हजारों लोगों की जान जा रही है। ब्रेन ट्यूमर का नाम सुनते ही अक्सर लोग घबरा जाते हैं, यही कारण है कि अब भी इस बीमारी को लेकर खूब हौआ बना हुआ है।

मस्तिष्क हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है, जो सोचने, याददाश्त, बोलने, देखने और शरीर के सभी अंगों को नियंत्रित करता है। ऐसे में जब मस्तिष्क में असामान्य कोशिकाएं बढ़ने लगती हैं, तो उसका असर पूरे शरीर पर दिख सकता है। असामान्य रूप से कोशिकाओं के बढ़ने की स्थिति को ही ट्यूमर कहा जाता है। ब्रेन ट्यूमर को अक्सर लोग कैंसर मान लेते हैं, हालांकि हर बार ब्रेन ट्यूमर कैंसर कारक हो ये जरूरी नहीं है। आज भी लोगों को इस रोग के बारे में कम जानकारी है, आइए इससे जुड़े कुछ मिथ्स और फैक्ट्स जानते हैं। ब्रेन ट्यूमर तब होता है जब दिमाग में कोशिकाएं असामान्य तरीके से बढ़ने लगती हैं और एक गांठ का रूप ले लेती हैं। यह गांठ दिमाग के किसी भी हिस्से में हो सकती है। ट्यूमर धीरे-धीरे बढ़ते हैं, अगर इसपर ध्यान न दिया जाए तो ये कैंसर का रूप भी ले सकते हैं। हालांकि हर ट्यूमर कैंसर वाला नहीं होता है। विशेषज्ञों के अनुसार जेनेटिक बदलाव, रेडिएशन के संपर्क में आना, इम्यून सिस्टम कमजोर होने जैसी स्थितियों के कारण ब्रेन ट्यूमर हो सकता है। आइए इससे जुड़ी कुछ अफवाहों के बारे में जान लेते हैं।

**मिथः ब्रेन ट्यूमर का मतलब आपको कैंसर हो गया**

अधिकांश लोग यह मान लेते हैं कि ब्रेन ट्यूमर का मतलब कैंसर है, लेकिन यह पूरी तरह सही नहीं है। मेडिकल रिपोर्ट्स बताते हैं कि ब्रेन ट्यूमर बेनाइन और मैलिग्नेंट दो तरह के हो सकते हैं। बेनाइन ट्यूमर कैंसर वाले नहीं होते और कई बार ये धीरे-धीरे बढ़ते हैं। सही समय पर पहचान और इलाज से ऐसे ट्यूमर को सर्जरी या दवाओं से कंट्रोल किया जा सकता है और मरीज सामान्य जीवन जी सकता है।

**मिथः ब्रेन ट्यूमर हो गया तो मौत तय**

ये डर अक्सर लोगों के मन में देखा जाता रहा है, हालांकि आधुनिक चिकित्सा में कई ऐसे इलाज उपलब्ध हैं जिससे ट्यूमर को ठीक किया जा सकता है। यदि ट्यूमर शुरूआती स्टेज में पकड़ में आ जाए तो इलाज होने और जान जाने की संभावना बढ़ जाती है। ब्रेन ट्यूमर का मतलब मौत या कैंसर नहीं होता।

**मिथः ब्रेन ट्यूमर सिर्फ बुजुर्गों की बीमारी है**

अक्सर माना जाता है कि ब्रेन ट्यूमर सिर्फ अधिक उम्र वालों या फिर बुजर्गों को होता है, हालांकि मेडिकल रिपोर्ट्स बताते हैं ब्रेन ट्यूमर बच्चों, युवाओं और वयस्कों किसी को भी हो सकता है। कुछ



प्रकार के ट्यूमर तो बच्चों में ज्यादा देखे जाते हैं, इसलिए उम्र के आधार पर लक्षणों को नजरअंदाज करना सही नहीं है।

**मिथः मोबाइल फोन के ज्यादा इस्तेमाल से होता है ब्रेन ट्यूमर**

अक्सर लोगों को लगता है कि मोबाइल फोन का ज्यादा करने वालों को ब्रेन ट्यूमर होता है। हालांकि अध्ययनों से पता चलता है कि मोबाइल फोन के इस्तेमाल और ब्रेन ट्यूमर के बीच सीधा और पुख्ता संबंध नहीं मिला है। हालांकि सावधानी के तौर पर लंबे समय तक फोन कान से लगाए रखने से बचने की सलाह दी जाती है।

**मिथः बार-बार सिरदर्द होने का मतलब आपको ब्रेन ट्यूमर है**

ब्रेन ट्यूमर में सिरदर्द होने को सबसे आम लक्षण माना जाता है, हालांकि सिर्फ सिरदर्द होने का मतलब ब्रेन ट्यूमर नहीं है। तनाव, माइग्रेन, नींद की कमी और साइनस जैसी सामान्य समस्याएं भी सिरदर्द को बढ़ावा दे सकती हैं। हालांकि अगर सिरदर्द लगातार बढ़ रहा हो और सुबह के समय ज्यादा होता है तो अलर्ट हो जाइए। ब्रेन ट्यूमर के कारण सिरदर्द के साथ उल्टी, नजर की दिक्कत या दौरे पड़ने जैसी समस्याएं भी होती हैं।



# पत्नी सुनीता आहूजा संग अनबन की खबरों पर गोविंदा की सफाई

### मेरे परिवार को साज़िश का हिस्सा बनाया गया

अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के रिश्ते को लेकर चल रही चचाओं के बीच अब अभिनेता ने पहली बार सार्वजनिक रूप से अपनी प्रतिक्रिया दी है। लंबे समय से दोनों के बीच अनबन की खबरें सामने आ रही थीं, जिस पर गोविंदा ने चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि उनके परिवार को एक साज़िश का हिस्सा बनाए जाने की कोशिश की जा रही है। गोविंदा ने कहा कि वह अब इसलिए बोल रहे हैं, क्योंकि चुप रहने से उनकी छवि कमजोर व्यक्ति की बन रही थी और इससे गलत धारणाएं और बढ़ रही थीं। उन्होंने संकेत दिए कि पर्दे के पीछे कुछ ऐसी गतिविधियां हो रही हैं, जिनमें उनके अपने लोग भी अनजाने में इस्तेमाल किए जा रहे हैं। अभिनेता ने कहा कि अक्सर जब कोई बात सामने नहीं रखी जाती, तो समाज में यह संदेश जाता है कि वही व्यक्ति समस्या की जड़ है। उन्होंने यह भी कहा कि साज़िश की शुरूआत परिवार से होती है और धीरे-धीरे इसका असर समाज तक फैलता है। अपने करियर को लेकर गोविंदा ने साफ किया कि फिल्मों से दूरी उनकी मजबूरी नहीं रही है।



# तुर्की से आई दीवानी फैन का किस्सा सुनाकर मिथुन ने बटोरी तालियां

टीवी के चर्चित सिंगिंग रिएलिटी शो 'इंडियन आइडल' के मंच पर उस वक्त माहौल हल्का-फुल्का और यादगार हो गया, जब दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने अपने जीवन से जुड़ा एक रोचक किस्सा साझा किया। शो में उनके फिल्मी करियर के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाया जा रहा था। कार्यक्रम के दौरान होस्ट आदित्य नारायण ने बातचीत के क्रम में मिथुन चक्रवर्ती से जुड़ा एक पुराना प्रसंग छेड़ा। उन्होंने बताया कि एक समय तुर्की से दो युवतियां अभिनेता की लोकप्रियता से प्रभावित होकर भारत आई थीं। उन्हें यह जानकारी थी कि मिथुन पहले से विवाहित हैं, इसके बावजूद उनमें से एक युवती उनसे विवाह करने की इच्छा जताने लगी। इसके बाद मिथुन चक्रवर्ती ने स्वयं इस पूरे घटनाक्रम का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि यह वह दौर था, जब उनका करियर शिखर पर था। तुर्की से आई दोनों युवतियां पहले उनसे मिलकर लौट गई थीं, लेकिन कुछ वर्षों बाद दोबारा भारत पहुंचीं। इस दौरान एक युवती ने शादी की बात पर जोर दिया। अभिनेता ने बताया कि उन्होंने इस विषय पर अपनी पत्नी से भी चर्चा की। शुरूआत में वह नाराज हुईं, लेकिन बाद में स्थिति को समझा। मिथुन ने मुस्कुराते हुए कहा कि उन्होंने उस युवती को समझाने और स्थिति को संभालने के लिए एक प्रतीकात्मक रिंग पहना दी और कहा कि भारत में इसी तरह शादी की रस्म होती है। इसके बाद उन्होंने उसे वापस लौटने और इंतजार करने की बात कही। मिथुन चक्रवर्ती ने यह भी बताया कि अब वह युवती अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुकी है और उसकी शादी हो चुकी है। जब भी कभी बातचीत होती है, तो दोनों उस पुराने किस्से को याद कर हंसते हैं। अभिनेता का यह किस्सा सुनकर शो में मौजूद जजों और दर्शकों ने तालियों के साथ उनकी बातों का स्वागत किया। यह पल कार्यक्रम के यादगार पलों में शामिल हो गया।

# नयनतारा

## पारिवारिक रिश्तों से जीत रहीं दर्शकों का दिल

दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री नयनतारा ने अपनी फिल्मों के जरिए दर्शकों के साथ एक गहरा भावनात्मक रिश्ता बनाया है। उनकी कई सफल फिल्मों में एक समान भावनात्मक तत्व देखने को मिलता है, जिसने उन्हें पारिवारिक दर्शकों के बीच खास पहचान दिलाई है। नयनतारा की चर्चित फिल्मों में टूटते पारिवारिक रिश्ते, गलतफहमियों के कारण पैदा हुआ अलगाव और अंत में सुलह की भावना प्रमुख रूप से उभरकर सामने आती है। इन कहानियों में बच्चे अक्सर वह भावनात्मक कड़ी बनते हैं, जो बिखरे रिश्तों को फिर से जोड़ने का काम करते हैं। भले ही इन फिल्मों की शैली, प्रस्तुति और कथानक अलग-अलग हों, लेकिन उनका भावनात्मक आधार एक जैसा रहता है। यही वजह है कि दर्शक इन कहानियों से आसानी से जुड़ जाते हैं। मजबूत पारिवारिक मूल्यों और भावनाओं से भरी पटकथाएं नयनतारा के किरदारों को खास बनाती हैं। इन फिल्मों की सफलता यह साबित करती है कि ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कही गई पारिवारिक कहानियां आज भी दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ती हैं। नयनतारा की यही खूबी उन्हें सिनेमा की दुनिया में एक मजबूत और भरोसेमंद नाम बनाती है।



NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर ख़बर पर पक्की नज़र



# 38 साल में पहली बार न्यूजीलैंड ने भारत में जीती वनडे सीरीज

## मेजबान सात साल बाद घर में हारे सीरीज




**इंदौर।** 38 साल बाद न्यूजीलैंड ने भारत की सरजमीं पर इतिहास रच दिया। इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले गए तीसरे और निर्णायक वनडे मुकाबले में कीवियों ने भारत को 41 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। यह भारत में न्यूजीलैंड की आठ कोशिशों में पहली द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीत है, इससे पहले टीम 1988 से लगातार असफल रही थी। इस हार के साथ भारत को इंदौर में भी पहली बार वनडे में शिकस्त झेलनी पड़ी, जहां उसने इससे पहले लगातार सात मैच जीते थे। इतना ही नहीं, अक्तूबर 2022 के बाद पहली बार ऐसा हुआ जब टॉस जीतने के बावजूद भारत को घरेलू वनडे में हार का सामना करना पड़ा। लगातार 13 जीत के बाद यह सिलसिला भी टूट गया। इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स के शानदार शतकों की बदौलत निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 337 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 46 ओवर में 296 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से विराट कोहली ने बेहतरीन 124 रन की पारी खेली, जबकि हर्षित राणा ने 52 रन का योगदान दिया।



## कोहली का 85वां अंतरराष्ट्रीय शतक, फिर भी भारत को हार

विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए निर्णायक वनडे मुकाबले में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का 85वां शतक जड़ा और कीवी टीम के विरुद्ध सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने। कोहली ने 124 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन भारतीय टीम 338 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 296 रन पर सिमट गई। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने 38 साल बाद भारत में वनडे सीरीज जीतकर इतिहास रच दिया।

### खेरागढ़ क्रिकेट महासंग्राम 2026

## हिरौड़ा ग्राम पंचायत बनी चैंपियन



**आगरा (खेरागढ़)।** खेरागढ़ विधानसभा क्रिकेट महासंग्राम 2026 के फाइनल में हिरौड़ा ग्राम पंचायत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इरादतनगर न्याय पंचायत को 103 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। मंडी समिति ग्राउंड पर खेले गए इस मुकाबले में दर्शकों की भारी भीड़ मौजूद रही। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हिरौड़ा ग्राम पंचायत ने 15 ओवर के मुकाबले में 173 रन बनाए। जवाब में इरादतनगर न्याय पंचायत की टीम सधी हुई गेंदबाजी के सामने 70 रन पर सिमट गई। फाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए लवकुश को मैन ऑफ द मैच चुना गया। समापन समारोह में अतिथियों ने आयोजन की सराहना की। विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 51 हजार रुपये और उपविजेता टीम को ट्रॉफी व 31 हजार रुपये की नकद राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## विदर्भ ने रचा इतिहास, पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी पर जमाया कब्जा




**बंगलूरू।** विदर्भ ने घरेलू क्रिकेट में नया इतिहास रचते हुए पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब जीत लिया। फाइनल मुकाबले में टीम ने सौराष्ट्र को 38 रन से पराजित कर शानदार उपलब्धि अपने नाम की। इस जीत के नायक अथर्व तायडे रहे, जिनके शतक और गेंदबाजों के सामूहिक प्रदर्शन ने विदर्भ को चैंपियन बना दिया। फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए विदर्भ ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 317 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। अथर्व तायडे ने 118 गेंदों पर 128 रन की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें कई आकर्षक चौके और छक्के शामिल रहे। उनके साथ यश राठौड़ ने अहम साझेदारी निभाई, जिससे टीम बड़े स्कोर तक पहुंचने में सफल रही। 317 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सौराष्ट्र की शुरूआत लड़खड़ाई, लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने संघर्ष दिखाया। इसके बावजूद विदर्भ के गेंदबाजों ने दबाव बनाए रखा और अहम मौकों पर विकेट चटकाए। यश ठाकुर ने चार विकेट लेकर विपक्षी टीम की कमर तोड़ दी। अंततः सौराष्ट्र की पूरी टीम 279 रन पर सिमट गई और विदर्भ ने 38 रन से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की।इस जीत के साथ विदर्भ ने घरेलू क्रिकेट में अपनी मजबूत पहचान स्थापित की और टीम के खिलाड़ियों का आत्मविश्वास नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया।

## सोमवार, 19 जनवरी राशिफल

आज का दिन मेष राशि के लिए कार्यक्षेत्र के मामले में बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आपको आज करियर में और काम में साथी सहकर्मियों के साथ ही साथ वरिष्ठ व्यक्तियों से भी सहयोग मिलेग। चंद्रमा का गोचर आज कर्क भाव में मंगल के साथ होने से आपका प्रभाव और सम्मान भी बढेगा।

वृषभ राशि के लोगों के लिए आज सितारों की स्थिति शुभ लाभ का संकेत दर्शा रही है। आज भाग्य की मदद से कठिन काम को पूरा कर पाने में सफलता मिलेगी। आप आज कार्यक्षेत्र मे वरिष्ठ लोगों से सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त कर पाएंगे।

मिथुन राशि के जातकों के लिए आज सोमवार का दिन मिलाजुला रहेगा। आज आपकी राशि से अष्टम में चंद्रमा का गोचर होने जा रहा है। चंद्रमा के इस गोचर की वजह से आज आपको कार्यक्षेत्र मे उलझन और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ सकता है।

कर्क राशि के जातकों के लिए आज सोमवार का दिन शुभ लाभदायक रहेगा लेकिन आपके लिए जरूरी है कि आप आज भावुकता पर कंट्रोल करें। लोग आपकी भावुकता का लाभ उठाने का प्रयास कर सकते हैं। सरकारी क्षेत्र से संबंधित कोई काम है तो आपको आज उसमें सफलता मिलेगी।

सिंह राशि के लिए आज चंद्रमा और सूर्य का युति संयोग मिलाजुला परिणाम देने वाला रहेगा। आपको आज बैंकिंग से संबंधित काम में कामयाबी मिलेगी। लेकिन आज का दिन आपके लिए खचीर्ला रहेगा। नौकरी में आज आपके ऊपर काम का दबाव रहेगा।

कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभदायक और शुभ रहेगा। आपको आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा आप बुद्धि और कार्यकुशलता से आज लाभ प्राप्त कर पाएंगे। सरकारी क्षेत्र के काम में आज आपको कामयाबी मिलेगी। दिन आपका रोमांचक रहेगा।

तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन आनंददायक रहेगा। आपको आज दोस्तो और साथी सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। नौकरी में आज आपका दिन अनुकूल बीतेगा और आपको आज वरिष्ठ व्यक्तियों से सहयोग मिलेगा।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन उत्साहवर्धक और सकारात्मक रहेगा। आज आप कार्यक्षेत्र में कुछ नए अवसर प्राप्त करेंगे। आपको बिजनेस में किसी साहसिक निर्णय का फायदा मिलेगा। आर्थिक मामलों में आज आपका दिन लाभदायक रहेगा।

धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। आपको आज आर्थिक मामलों में भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में आज आपको अनुकूल स्थिति मिलने की खुशी होगी। अधिकारीगण आप पर भरोसा करेंगे और आपको कुछ नई जिम्मेदारी सौंप सकते है जिससे आपका मनोबल भी बढेगा।

मकर राशि के लोगों के लिए आज सोमवार का दिन उत्साहवर्धक और अनुकूल रहेगा। आपको आज कार्यक्षेत्र में उन्नति का मौका मिलेगा। आप अपनी बुद्धि और कार्यकुशलता से आज करियर में तरक्की प्राप्त कर पाएंगे।

कुंभ राशि के लोगों के लिए आज सप्ताह का पहला दिन मिलाजुला रहेगा। आपकी व्यस्तता आज दिन भर बनी रहेगी। आपको आज कुछ मानसिक उलझन मिलेगी लेकिन आप संयम और समझदारी से स्थिति को संभालने में सफल रहेंगे।

आज का दिन मीन राशि के जातकों के लिए उत्साहवर्धक रहेगा। आपको आज परिश्रम से अधिक भाग्य लाभ दिलाएगा। राशि से ग्यारहवें भाव में हो रहा चंद्रमा का गोचर आपके पक्ष में रहेगा। आप अपनी कला और कार्यकुशलता का लाभ ले पाएंगे।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# बेटियों का विवाह कराना केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानव धर्म

## श्री श्याम महोत्सव के अंतर्गत दो निर्धन बेटियों का हुआ वैदिक विवाह

एनएनआई

**आगरा।** जहां सेवा में भक्ति जुड़ जाती है, वहां आयोजन केवल उत्सव नहीं, बल्कि संस्कार बन जाता है। इसी भाव के साथ श्री श्याम मित्र मंडल एवं श्री श्याम महिला मित्र मंडल, लोहा मंडी द्वारा आयोजित चार दिवसीय श्री श्याम महोत्सव के समापन अवसर पर रजैन स्मृति भवन, जयपुर हाउस में दो निर्धन बेटियों का विवाह समारोह वैदिक मंत्रोच्चार, धार्मिक विधि-विधान और श्याम नाम के जयघोष के बीच भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

विवाह समारोह में दोनों कन्याओं का पाणिग्रहण संस्कार आचार्यों द्वारा वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार कराया गया। कन्यादान के पुण्य अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें भावुक और हृदय कृतज्ञता से भरे दिखाई दिए।

श्री श्याम मित्र मंडल, लोहा मंडी के अध्यक्ष अभी जैन ने कहा कि बेटियों का विवाह कराना केवल सामाजिक दायित्व



नहीं, बल्कि मानव धर्म है। श्याम बाबा की कृपा से मंडल को पहली बार यह सौभाग्य मिला कि दो परिवारों के जीवन में खुशियों का दीप प्रज्वलित किया जा सका। कोषाध्यक्ष अतुल गुप्ता ने कहा कि श्री श्याम महोत्सव का उद्देश्य केवल भक्ति आयोजन नहीं, बल्कि सेवा, करुणा और सामाजिक समर्पण को जीवन में उतारना है।

श्री श्याम महिला मित्र मंडल की अध्यक्ष पूजा राधे अग्रवाल ने कहा कि महिला मंडल ने विवाह की प्रत्येक व्यवस्था में सक्रिय सहभागिता निभाई और दोनों कन्याओं को गृहस्थी के आवश्यक सामान भेंट स्वरूप प्रदान किए।

इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, महामंत्री अमित अग्रवाल, अवधेश कुलश्रेष्ठ, राजीव लवानिया, इंद्र खंडेलवाल, मनीष अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, प्रदीप जैन, मोहित अग्रवाल, अनीता जैन, रीता अग्रवाल, आशी, गुंजन, पूजा अग्रवाल, निशा जैन, कामिनी, आंचल, प्रियंका, प्रीति, ज्योति अग्रवाल, लता गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# गीता मात्र एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन-प्रबंधनः डॉ. अनीता

एनएनआई



**आगरा।** श्रीमद्भगवद्गीता जयंती के पावन उपलक्ष्य में दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट तथा संस्कृत संस्कृति विकास संस्थान द्वारा एक विशिष्ट ऑनलाइन/ऑफलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का केंद्रीय विषय व्यक्तित्व के समग्र विकास में गीता का योगदान रखा गया, जिसके माध्यम से आधुनिक जीवन में गीता के दार्शनिक एवं व्यावहारिक महत्त्व को रेखांकित करना प्रमुख उद्देश्य था। कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ. पूजा द्वारा वैदिक मंगलाचरण से हुआ, जिससे समग्र वातावरण को आध्यात्मिक एवं शांतिमय बना दिया। तत्पश्चात डॉ. शोभा भारद्वाज ने स्वागत भाषण दिया तथा सभी अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की संचालिका डॉ. पूजा ने समयबद्ध तरीके से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। डॉ. अनीता, संस्कृत विभागाध्यक्ष, ने बीज वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए गीता को व्यक्तित्व विकास की सर्वकालिक मार्गदर्शिका बताया। उन्होंने कहा कि गीता मात्र एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन-प्रबंधन, नैतिकता, मानसिक संतुलन और कर्तव्यनिष्ठा का समन्वित विज्ञान है। आज के तनावग्रस्त समय में गीता के निष्काम कर्म, स्थितप्रज्ञता एवं स्वधर्म के सिद्धांत व्यक्तित्व के बहुआयामी विकास में सहायक हैं। मुख्यातिथि प्रो. रमण सोलंकी, अकादमिक निदेशक, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, उज्जैन, ने अपने उद्बोधन में गीता के शैक्षणिक एवं अनुसंधानपरक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गीता में निहित ज्ञान, भक्ति और कर्म का त्रिविध मार्ग व्यक्ति को आंतरिक सामंजस्य की ओर ले जाता है, जो समग्र व्यक्तित्व विकास का आधार है।

# दि आईकॉनिक ग्लोबल फाउंडेशन पर्यावरण बचाने के लिए दृढ़ संकल्पित

एनएनआई

**आगरा।** संस्था दि आईकॉनिक ग्लोबल फाउंडेशन द्वारा संस्था के सदस्यों का नववर्ष मिलन कार्यक्रम ग्रीन हाउस भोगीपुरा, आगरा पर पर्यावरण संगोष्ठी कर आयोजित किया ।

सर्वप्रथम संस्था के सभी पदाधिकारियों और उपस्थितजनों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया तत्पश्चात पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्था के संस्थापक-अध्यक्ष अमित लवानिया ने बताया कि संस्था पर्यावरण बचाने के लिए दृढ़



संकल्पित है। पर्यावरणप्रेमी चंद्रशेखर शर्मा एवं यतीश लवानिया ने पॉलिथीन का कम से कम प्रयोग करने का आह्वान किया।प्रमेंद्र शर्मा एवं रामेंद्र पचौरी ने पेड़ लगाने व जल संचय के महत्व को बताया। तत्पश्चात सभी उपस्थितजनों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक साइकिल का प्रयोग करने का संकल्प लिया । पर्यावरण संगोष्ठी के पश्चात संस्था में नवनियुक्त प्रभारों की घोषणा की गई। जिसमें प्रमेंद्र शर्मा को संरक्षक,चंद्रशेखर शर्मा को पर्यावरण प्रमुख,एड संजय सिंह को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रमुख ,एड.अनिल शुक्ला को कानूनी सलाहकार, चतुर्भुज तिवारी को मीडिया प्रभारी व संजीव कटारिया को सोशल मीडिया संयोजक का दायित्व दिया गया । सभी उपस्थितजनों ने इस पर अत्यंत हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष अमित लवानिया,सचिव पंकज दीक्षित, कोषाध्यक्ष डॉ मनोज शर्मा,उपाध्यक्ष रोहित उपाध्याय, कार्यकारिणी सदस्य यतीश लवानिया, रामेंद्र पचौरी, अनुज लवानिया, मेंटोर रितु उपाध्याय, डॉ अनिल उपाध्याय, घनश्याम तिवारी, मीरा शर्मा, यशस्वी लवानिया आदि संस्था के पदाधिकारी और पर्यावरणप्रेमी उपस्थित रहे।

# फरवरी में होगा जीआईसी मैदान पर हिन्दू सम्मेलन

- विशाल हिन्दू सम्मेलन के निमित्त कार्यालय का विधिवत उद्घाटन

एनएनआई



**आगरा।** आगामी आठ फरवरी को सकल सनातन सेवा समिति के नेतृत्व में जीआईसी मैदान में आयोजित होने जा रहे विशाल हिन्दू सम्मेलन के निमित्त समिति के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन 14 एमआईजी, न्यू शाहगंज, कोठी मीना बाजार के सामने धार्मिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यालय उद्घाटन अवसर पर सर्वप्रथम हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें समिति पदाधिकारियों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर विघ्नहर्ता भगवान गणेश से आयोजन की सफलता हेतु प्रार्थना की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रख्यात महिला चिकित्सक डॉ. अलका सेन एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से श्रीमान केशव जी ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. अलका सेन ने कहा कि सनातन संस्कृति हमारी जीवनशैली और संस्कारों की आधारशिला है। ऐसे आयोजन समाज को एक सूत्र में बांधने, युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध जागृत करने का कार्य करते हैं। आरएसएस के केशव जी ने कहा कि हिन्दू समाज की शक्ति उसकी एकता, अनुशासन और सेवा भावना में निहित है। सनातन मूल्यों पर आधारित इस प्रकार के सम्मेलन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी को सुदृढ़ बनाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आयोजक समिति के अध्यक्ष महेश सारस्वत ने आठ फरवरी को होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन सनातन संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक एकता, राष्ट्रभक्ति एवं सांस्कृतिक जागरण के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर समिति सचिव राधावल्लभ, मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह, पंकज उपाध्याय, राकेश जाटव, रूपेश गोस्वामी, आशीष पराशर, पार्षद पूजा वाल्मीकि, रूप सिंह परमार, पंकज जादौन आदि उपस्थित रहे।

